卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यःशोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 214 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦11 मई 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

किशोर ने पुल से लगाई छलांग

अस्पताल में तोड़ा दम, उपचार में लापरवाही पर सरकारी अस्पताल में हंगामा, जमकर तोड़फोड़

रामनगर(उद संवाददाता)। परिजनों से मामूली कहासुनी के बाद बुधवार देर रात एक 15 वर्षीय किशोर ने कोसी बैराज नए बाईपास पुल से खड़े होकर नीचे छलांग लगा दी। गंभीर हालत में किशोर को सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां से उसे रैफर कर दिया गया। इसी दौरान युवक की मौत हो गयी। मृतक के साथ आये लोगों ने ईलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल में जमकर हंगामा काटा और तोड़ फोड़ की। जिस पर अस्पताल में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया। हंगामा करने वालों के खिलाफ अस्पताल प्रबंधन की ओर से तहरीर दी गयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहल्ला मोतीमहल निवासी कुंवर पाल का 15 वर्षीय पुत्र भानु कश्यप ने बुधवार की रात अज्ञात कारणों के चलते उक्त पुल से छलांग लगा दी। जिसके बाद मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने पुल के नीचे जाकर गंभीर रूप से घायल भानु को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल पहुंचाया। इसी बीच घायल किशोर के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। हालत गंभीर होने के चलते चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। जिसके बाद इस किशोर की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद मृतक किशोर के साथ आए कुछ लोगों द्वारा सरकारी अस्पताल में जमकर हंगामा करने के साथ ही वहां मौजूद अस्पताल कर्मचारियों के साथ धक्का-मुक्की एवं मारपीट करते हुए गाली गलौज भी की। गुस्साए लोगों ने इमरजेंसी के बाहर रखी टेबल को भी पलट दिया। अस्पताल के बाहर खड़ी एंबुलेंस के शीशे भी तोड़ दिए। घटना के बाद सूचना मिलने पर अस्पताल में भारी पुलिस बल पहुंच गया। लेकिन तब तक हंगामा कर रहे लोग और मृतक के परिजन शव को लेकर मौके से चले गए। घटना के संबंध में अस्पताल प्रबंधक डॉक्टर प्रतीक ने बताया कि अराजक तत्वों द्वारा जो भी अस्पताल के अंदर हंगामा या तोड़फोड़ की गई है। वह सब अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। उन्होंने इस संबंध में कोतवाली पुलिस को अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है। घटना के दौरान अस्पताल में मौजूद कुछ कर्मचारियों ने भागकर अपनी जान बचाई वही पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है तथा घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

बेकाबू डंपर से कुचलकर युवक की दर्दनाक मौत

लालकुआं(उद संवाददाता)। ट्रांसपोर्ट नगर स्थित एचडीएफसी बैंक के पास तेज रफ्तार डंपर ने ठेली लेकर जा रहे युवक को रौंद दिया। हादसे में युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने डंपर चालक को गिरफ्तार कर वाहन भी कब्जे में ले लिया है। जानकारी के मुताबिक यहां वार्ड नंबर 5 में स्थित भारत बैंड में कार्यरत 36 वर्षीय शमशार अहमद ठेली में बैंड का सामान लेकर लेकर (शेष पृष्ठ सात पर)

आतंक का पर्याय बना गुलदार पिंजरे में कैद

विकासनगर(उद संवाददाता)। शंकरपुर में आतंक का पर्याय बना गुलदार आखिरकार पिंजरे में कैद हो गया। सहसपुर के शंकरपुर स्थित राम खाली के पास वन विभाग ने पिंजरा लगाया था, जिसमें बृहस्पतिवार सुबह गुलदार कैद हो गया। गुलदार को पिंजरे में कैद देख लोगों ने राहत की सांस ली। शंकरपुर में गुलदार के आतंक ने शिकारियों को चौंका दिया था। शिकारियों का कहना है कि महमूदनगर बस्ती में चार साल के मासूम को मारने से पहले गुलदार ने तीन महीने पहले भी उस पर हमले की कोशिश की थी। इसके बाद घर में खेल रहे पांच बच्चों के बीच से गुलदार ने उसी को अपना शिकार बनाया। उनका दावा है कि एक शिकार पर दो बार हमला करने की एकमात्र घटना जिम कार्बेट की किताब में दर्ज है। इसके अलावा ऐसा कोई दूसरा मामला नहीं आया है। शिकारियों का कहना है कि पिछले नौ महीने से यह क्षेत्र में आतंक का पर्याय बना हुआ था। हिमाचल प्रदेश के सोलन के रहने वाले आशीष दास गुप्ता के नेतृत्व वाली शिकारियों की टीम में मुरादाबाद के राजीव सोलोमन, मेरठ के सैय्यद अली बिन हादी शामिल हैं। शिकारियों का यह दल आक्रामक जानवरों के मामले में 75 सफल ऑपरेशन को अंजाम दे चुका है। वर्ष 2006 से लेकर अभी तक छह गुलदार और एक टाइगर का शिकार किया है। दो गुलदार और एक टाइगर को यह टीम ट्रैंकुलाइज कर चुकी है।

आठ घंटे के भीतर लाखों की चोरी का खुलासा

लालकुआं(उद संवाददाता)। बुधवार रात गौला गेट रेलवे फाटक के समीप संजय जोशी की मेमोरी डिजिटल वर्ल्ड में हुई लाखों की चोरी का पुलिस ने 8 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए इस घटना में शामिल एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी लालकुआं संगीता एवं प्रभारी निरीक्षक कोतवाली डीआर वर्मा ने कोतवाली में पत्रकार वार्ता करते हुए बताया कि बुधवार रात चोरों ने संजय जोशी की मेमोरी डिजिटल वर्ल्ड में चोरी को अंजाम देते हुए लाखों का माल साफ कर लिया था। सूचना मिलते ही खुलासे के लिए टीम गठित की गयी थी। टीम ने तत्परता से काम करते हुए मामले में सुमित पुत्र पप्पू सिंह निवासी खड्डी मौहल्ला लालकुआं को किच्छा बाईपास मंदिर के पास से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी के कब्जे से चोरी हुए 11 अदद मोबाइल ,तीन कीपैड (शेष पृष्ठ 7 पर)

रेलवे क्रासिंग में युवक का शव मिलने से सनसनी

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गयी। मृतक सिडकुल में काम करता था और रात को ड्यूटी करके वापस लौट रहा था। उसकी मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। पुलिस ने शव पंचयतनामा की कार्रवाई के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार मूल रूप से ग्राम वड्यूरा पो. ठाणा मटेना लमगड़ा जिला अल्मोड़ा निवासी 22 वर्षीय इंदर कुमार पुत्र गोविंद राम का शव बुधवार रात भूरारानी के पास रेलवे क्रासिंग के पास पाया गया। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। जिस पर एसआई मनोज कुमार फर्त्याल, टीम के साथ मौके पर (शेष पृष्ठ सात पर)

रकम दोगुना करने का झांसा देकर ठगे 11 लाख

पिता-पुत्र समेत तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज

काशीपुर(उद संवाददाता)। ऑनलाइन बिजनेस में एक वर्ष में रकम दोगुना करने का झांसा देकर पिता-पुत्र समेत तीन शातिर दिमागों ने महिला से 11 लाख ठग लिए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर किसान इंटर कॉलेज के सामने कुंडेश्वरी निवासी रत्नांगी पुत्री सचिन चौधरी ने बताया कि कुमाऊं कॉलोनी कचनाल गाजी, रेलवे फाटक के समीप तथा हाल तृतीय तल बोर्डिंग एकेडमी के पास साकेत दिल्ली निवासी भारत उपाध्याय पुत्र भुवन उपाध्याय के साथ पढ़ाई करने के कारण उसकी जान पहचान थी। इसी पहचान के कारण वर्ष 2022 में भारत उपाध्याय ने उसे बताया कि वह ऑनलाइन (शेष पृष्ठ सात पर)

गैर का प्लॉट दिखाकर 5.30 लाख ठगे

काशीपुर। शातिर दिमाग महिला ने एक व्यक्ति से हमसाज होकर गैर के प्लॉट को साढ़े पांच लाख रुपयों में किसी और को बेच दिया। कब्जा लेने के वक्त जब खरीदार को हकीकत का पता चला तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। पीड़ित पक्ष ने धोखाधड़ी की सूचना तत्काल पुलिस को दी लेकिन पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। घटना के लगभग 3 वर्ष बाद कोर्ट के निर्देश पर आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर कुमाऊं कॉलोनी काशीपुर निवासी रतन सिंह पुत्र सौनाथ सिंह ने बताया कि वर्ष (शेष पृष्ठ सात पर)

पिथौरागढ़ में भूकंप से डोली धरती

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। पिथौरागढ़ में बृहस्पतिवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किये गए। जानकारी के मुताबिक भूकंप सवेरे 5 बजकर 1 मिनट पर आया और इसकी जमीन में गहराई 10 किमी बताई गई है। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने बताया है कि इससे पहले जनवरी में भी उत्तर-उत्तरपश्चिम पिथौरागढ़ में 4.2 की तीव्रता का भूकंप आया था। प्रदेश में पिछले कुछ महीनों में कई बार भूकंप के झटके महसूस किये गये हैं। जिसे बड़े खतरे का संकेत माना जा रहा है।

रस्म पगड़ी

अत्यंत दु:ख के साथ सूचित किया जा रहा है कि मेरे पुत्र **श्री भारत भूषण चावला** का आकस्मिक निधन दिनांक 03 मई 2023 को हो गया है, उनकी आत्मिक शांति हेतु **रस्म पगड़ी दिनांक 12 मई 2023 दिन शुक्रवार** को समय: दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक स्थान-**श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर (पांच मंदिर) रूद्रपुर** में होगी।

शोकाकुल परिवार

अनीता-राज किशन छाबड़ा (बहन बहनोई)	आशावन्ती चावला(मां)
पूजा-प्रमोद खुराना (बहन-बहनोई)	पत्नी स्व.श्री बनारसी दास चावला
रीतिका,बानी (भतीजी),	बीना चावला (पत्नी)
आहन, माधव, वासु (भतीजे)	नीरू-राजेश चावला 'काली'(भाई-भाभी)
विनोद चावला (भतीजा)	सोनी चावला-मंजू (भाई-भाभी)
गर्व, ओवीया, युविन (पौत्र,पौत्री)	मयंक चावला-कीर्ति (पुत्र-पुत्रवधू)
समस्त चावला एवं छाबड़ा परिवार	पारस चावला-हिमानी (पुत्र-पुत्रवधू)
	आकाश चावला (पुत्र),

Qe&pkoyk bikfj;k] byDVkfud lyktk]
, lVh,u Vyhfo tu uVodl
ek- 9917711111] 9917000071] 9837607888

लोन पर आई फोन दिलाने के नाम पर डेढ़ लाख ठगे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। दो लोगों द्वारा साजिश कर एक व्यक्ति से लोन पर दो आई फोन दिलाने के नाम पर डेढ़ लाख रूपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। मामले की शिकायत पुलिस से करने के बाद भी पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न करने पर पीड़ित की याचिका पर कोर्ट के निर्देश पर पुलिस ने घटना की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दर्ज रपट में शिवपद सरकार पुत्र अधीर सरकार निवासी ग्राम रामबाग थाना दिनेशपुर ने वरून पुत्र अशोक हाल पता प्रेमनगर बृजघाट थाना बृजघाट जिला हापुड़ मूल निवासी मकान गली नं0-2 ममूरा सेक्टर नोएडा शर्फाबाद जिला गौतमबुद्ध नगर तथा रजत तरफदार उर्फ गोपाल पुत्र शिशिर तरफदार निवासी वार्ड 1 प्लांटेशन थाना दिनेशपुर के विरूद्ध कहा है कि उसे लोन पर दो आईफोन क्रय करने थे । उसके घर के पास किरायेदार वरून से जान पहचान हुई थी। वरून ने उसे बिग -बाजार मॉल पन्तनगर से मोबाइल फोन लोन कराने की बात कही । वह 19 जनवरी 2023 को वरून के साथ बिग -बाजार आया और (शेष पृष्ठ सात पर)

मिट्टी निकालने से रोकने पर हमला, पिस्टल तानी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अपने खेत से मिट्टी निकालने से रोकने पर एक व्यक्ति ने पड़ोसी खेत स्वामी पर पिस्टल तानकर साथियों के साथ मिल जानलेवा हमला कर दिया। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में दलीप सिंह पुत्र स्वार सिंह निवासी ग्राम अमरपुर ने कहा है कि उसके बराबर वाले खेत में मनी मोहन विश्वास पुत्र शिशुरंजन विश्वास निवासी टीवीएस शोरूम दिनेशपुर का खेत है। मनीमोहन विश्वास के खेत से काफी गहरी मिट्टी का खनन पूर्व में किया जा चुका है। जिस पर उसने अपने खेत की दोनों सीमाओं के साथ लगभग 10 मीटर मिट्टी को राजस्व विभाग के आदेश से काटने से रुकवा दिया था। परन्तु बीच-बीच में मनीमोहन विश्वास छूटी हुई मिट्टी को काटने का प्रयास करता रहा है। 10 मई को सुबह जब वह अपने खेत में काम कर रहा था तभी मनी मोहन विश्वास, सुरेश विश्वास पुत्र रमेश विश्वास, रेनू पुत्र अज्ञात, चन्द्रमण्डल पुत्र सुखलाल मण्डल तथा अन्य दो व्यक्ति हथियारों से लेस होकर जबरदस्ती (शेष पृष्ठ सात पर)

यूनिवर्सिटी कनेक्ट उत्तराखण्ड एप का किया लोकार्पण

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने बुधवार को राजभवन में वीर माधो सिंह भण्ड़ारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) द्वारा राज्य के विश्वविद्यालयों हेतु तैयार किए गए मोबाइल एप ''यूनिवर्सिटी कनेक्ट उत्तराखण्ड'' का लोकार्पण किया। इस मोबाइल एप के माध्यम से उत्तराखण्ड राज्य के समस्त राज्य विश्वविद्यालय एक प्लेटफॉर्म पर राजभवन के साथ जुड़ गये हैं। इसके द्वारा सभी विश्वविद्यालयों के पास अपनी उपलब्धियों, बेस्ट प्रेक्टिसिज, कार्यक्रमों, विषय-विशेषज्ञों, सूचनाओं, स्टार्टअप, शोध और विकास को आपस में राजभवन के साथ ऑनलाइन संवाद के जरिये साझा किए जाने की सुविधा उपलब्ध हो गई है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने विश्वविद्यालय के शैक्षणिक सत्र 2022-23 के समस्त पाठ्यक्रमों के संचालन तथा ''युनिवर्सिटी मैनेजमेंट सिस्टम'' प्रणाली द्वारा विश्वविद्यालय में सम्पूर्ण डिजिटलीकरण किये जाने की प्रक्रिया जो प्रगति पर है, का प्रस्तुतिकरण दिया। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा अब तक उसके अधीन संचालित समस्त पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं में सम्पूर्ण पारदर्शिता लाने हेतु छात्रों को मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाएं दिखाए जाने की व्यवस्था से कुलाधिपति/राज्यपाल को अवगत कराया। कुलपति ने विश्वविद्यालय द्वारा संबद्ध संस्थानों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के शैक्षणिक कार्यक्रमों के सुचारू संचालन की निगरानी हेतु तैयार किये गये अटेंडेंस मैनेजमेंट सिस्टम की सुविधाओं का प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने कहा कि छात्रों के साथ ही उनके अभिभावकों को भी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर छात्र का रोल नम्बर व जन्मतिथि के माध्यम से उपस्थिति का सम्पूर्ण विवरण प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध करायी गई है। कुलपति ने बैठक में यूटीयू द्वारा जनवरी-फरवरी, 2023 की परीक्षाओं में प्रश्नपत्रों के डिजिटलीकरण, उत्तर पुस्तिकाओं के डिजिटलीकरण व ऑनस्क्रीन मूल्यांकन तथा मूल्यांकित उत्तर पुस्तिका दर्शाने से परीक्षा प्रणाली में आ रही पारदर्शिता व जवाबदेही होने की बात प्रस्तुतीकरण में की गयी। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह और उनकी पूरी टीम को इसके लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह डिजिटलीकरण की ओर हमारे बढ़ रहे कदम को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यूटीयू द्वारा डिजीटलीकरण की ओर जो अग्रणी भूमिका निभायी है, अन्य विश्वविद्यालयों को भी इस कदम से सीख लेने की जरूरत है। इस अवसर पर कुलपति श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय प्रो0 एन.के.जोशी व कुलपति वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली उत्तराखण्ड औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय डॉ.पी.कौशल ने भी विश्वविद्यालय के कार्यों एवं भविष्य की योजनाओं का प्रस्तुतीकरण दिया। इस दौरान सचिव श्री राज्यपाल रविनाथ रामन, विधि परामर्शी श्री अमित कुमार सिरोही, अपर सचिव श्रीमती स्वाति एस. भदौरिया, उप सचिव एन.के. पोखरियाल, अनुभाग अधिकारी सचिन चमोली सहित राज्य विश्वविद्यालय के सभी कुलपति वर्चुअली उपस्थित रहे।

अनंत बिष्ट के दोहरे शतक से चंडी क्रिकेट क्लब ने गुरुकुल एकेडमी किच्छा को हराया

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर के तत्वाधान में जिले में चल रही अंडर-19 जिला क्रिकेट लीग प्रतियोगिता के दूसरे दिन एमिटी स्पोर्ट्स ग्राउंड पर चंडी क्रिकेट क्लब और गुरुकुल एकेडमी किच्छा के मध्य मैच खेला गया। चंडी क्रिकेट क्लब ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया और निर्धारित 50 ओवरों के खेल में 401 रनों का विशाल स्कोर 3 विकेट खोकर बनाएं। जिसमें आनंद बिष्ट शानदार 173 गेंद पर 28 चौके की सहायता से 215 रन बनाएं। जबकि अमोंग जिंदल ने 94 गेंद पर 15 चौकों की सहायता से 100 रन बनाएं। गर्वित सिंह ने 41 का योगदान अपनी टीम को दिया। गुरुकुल एकेडमी की तरफ से नमन रावत ने 2 और रजत कुमार ने 1 विकेट लिए। लक्ष का पीछा करने उतरी गुरुकुल एकेडमी किच्छा की पूरी टीम 15 ओवरों में 58 बनाकर ऑल आउट हो गई। जिसमें नमन रावत ने 16, शहजाद अली ने 19 रनों का योगदान अपनी टीम को दिया। चंडी क्लब की तरफ से सचिन ,हर्षदीप ,संस्कार ने 2-2 विकेट और विवेक ने 3 विकेट लिए। मैच के ऑफ मैच का पुरस्कार अनंत बिष्ट को दिया गया। इस मैच अंपायर दीपक आर्य और गौरव सरकार ऑनलाइन स्कोरिंग विदिशा कर द्वारा की गई। वहीं क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का चौथा मैच जैन ग्लोबल स्कूल एमिनिटी अकादमी और विश्वनाथ अकैडमी के मध्य मैच खेला गया। एमिनिटी अकैडमी ने 45 ओवरों के खेल मे 5 विकेट खोकर 315 रन बनाएं जिसमें अभिनव शर्मा ने 85, वरदान कंबोज ने 83 ,आदित्य राज ने 44 रनों का योगदान दिया। विश्वनाथ अकैडमी की तरफ से मोईन ,जसवीर, प्रभजोत, आयुष ने 1-1 विकेट लिए। जिसमें आयुष त्रिपाठी ने 44, शुभांशु यादव ने 12 रनों का योगदान दिया। एमिनिटी अकादमी की तरफ से पीयूष शर्मा ने 2. हिमांशु बसेरा और शशांक पंडित 3-3 विकेट लिए। एमिनिटी अकादमी ने विश्वनाथ अकैडमी को 233 रनों से हराकर अपने ग्रुप में 2 अंक प्राप्त कर लिए हैं। शानदार खेल के प्रदर्शन के लिए शशांक पंत को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। इस मैच के अंपायर राजेंद्र कुमार और यादवेंद्र सिंह पवार रहे। इस अवसर पर सुधाकर जोशी, नवीन टमटा ,इंद्र नील कर, कैलाश बिष्ट गौरव तिवारी, बलवंत सिंह, आफताब, नीरज यादव सहित तमाम खेल प्रेमी उपस्थित थे।

खटीमा में फल एवं ठेला व्यवसायियों ने किया प्रदर्शन

खटीमा (उद संवाददाता)। खटीमा खटीमा में फल एवं ठेला व्यवसायियों ने मंगलवार को अपनी दुकानें बंद कर प्रशासन से वेंडर जोन की मांग रखी। व्यसायियों ने वेंडर जोन नहीं बनने तक उन्हें सड़क किनारे व्यवसाय करने देने की इजाजत मांगी है। इससे पूर्व व्यवसायियों ने बैठक कर वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव सोनकर को अपना अध्यक्ष घोषित किया और जुलूस के साथ एसडीएम कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने एसडीएम रविंद्र सिंह बिष्ट से वार्ता कर सहयोग की अपील की। लोक निर्माण विभाग के प्रांगण में हुई बैठक में वक्ताओं ने भाजपा नेता गौरव सोनकर के समक्ष आए दिन नगर में अतिक्रमण के नाम पर होने वाले उत्पीड़न से निजात दिलाने की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि उनके पास रोजगार का अन्य कोई साधन नहीं है। वह लोग फल, चाट, कुल्फी, पकौड़ी, समोसे, मूंगफली सहित छोटे-छोटे व्यवसाय कर आजीविका चला रहे हैं। आज अगर उनका व्यवसाय खत्म हो गया तो उनके समक्ष रोजी-रोटी का संकट उत्पन्न हो जाएगा। वक्ताओं ने प्रशासन से वेंडर जोन दिलाए जाने और स्वयं भी यातायात के नियमों को ध्यान में रखकर व्यवसाय करने की बात कही। बैठक के बाद लघु व्यवसायी भाजपा नेता गौरव सोनकर के नेतृत्व में तहसील मुख्यालय पहुंचे। जहां एसडीएम बिष्ट से वार्ता हुई। बिष्ट ने कहा कि प्रशासन की मंसा किसी के व्यवसाय को प्रभावित करने की नहीं है, लेकिन यातायात को सुचारु रखना भी हम जिम्मेदारी है। व्यवसायी अपनी हद में रहकर व्यवसाय करें शीघ्र ही वेंडर जोन के लिए नगर पालिका को कहा गया है। वेंडर जोन बनने के बाद लघु व्यवसायियों को एक जगह शिफ्ट किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य रविंद्र सिंह राणा, पंकज शाहू, राजकुमार, संजीव, एजाज, दीपक, रंजीत, नरेश जायसवाल, नसीम, शब्बू, राजीव शाहू, रियाज अहमद, चंद्रपाल, दिनेश, बंटी, फैजान आदि थे।

महानाम संकीर्तन में भक्ति में मग्न हुए श्रद्धालु

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रविन्द्र नगर के युवा भारती नेताजी सुभाष पार्क मे अखण्ड महानाम संकीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। दूसरे दिन प्रात: महानाम का शुभारंभ लक्ष्मी-नारायण संप्रदाय (पीलीभीत) कीर्तन मंडली द्वारा हुआ। नाम सुनने के लिए विभिन्न क्षेत्र से तमाम लोग आये हुए थे। साथ ही विशाल भण्डारे का भी आयोजन किया जा रहा है। आयोजन कमेटी के अध्यक्ष हीरामंडल ने बताया कि यह आयोजन रविन्द्र नगर का सबसे महत्वपूर्ण अनुष्ठान है। जिसमें देश के छ: संप्रदायों द्वारा लगातार 72 घंटो तक श्री हरिनाम (हरे कृष्णा हरे रामा) गाया जाता है। संप्रदायो में लक्ष्मी-नारायण संप्रदाय (पीलीभीत), गीता श्री संप्रदाय हुगली. कोलकाता, श्यामा संप्रदाय (जगतपुरा-रुद्रपुर), श्री राम संघ संप्रदाय (दिल्ली), राधारानी संप्रदाय (दिनेशपुर) व दिनापानी संप्रदाय (महाराष्ट्र) है। आयोजन कमेटी में अध्यक्ष हीरामोहन मंडल, उपाध्यक्ष विश्वजीत विश्वास, मानस सरकार, सचिव एसपी सरकार, उपसचिव शंकर मल्लिक, कोषाध्यक्ष विवेक महत्वार, सह कोषाध्यक्ष कार्तिक मंडल व कार्य कारिणी सदस्यों में गोपालशाह, डा. सरजीत सरकार, नारायण डे, सुकुमार सरकार, कृष्णा जोद्दार, सत्यजीत मल्लिक, तारक अधिकारी, रंजीत राय, संजीत, अश्वनी रफ्तान, व संरक्षण में मनोज अधिकारी, प्रभाष कृतनिया, सूरज विश्वास, सतीश हाल्दार, दिनो बंधू राय, गोपाल सरकार, महादेव वाला, वनहरि विश्वास, कमलेश सरकार व रविन्द्र नगर के अनेक लोग उपस्थित थे।

अंशिका शर्मा ने जीते तीन पदक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।वार्ड नंबर 23 आदर्श कॉलोनी घास मंडी निवासी वी के शर्मा की पुत्री अंशिका शर्मा ने मध्य प्रदेश के देवास में आयोजित नेशनल गेम्स जू जित्सु प्रतियोगिता मैं प्रतिभा कर दो रजत पदक व एक कांस्य पदक प्राप्त किया। एक सादे सरदारों में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल व समाजसेवी संजय ठुकराल ने शाल ओढ़ाकर स्वागत किया एवं सम्मानित किया इस दौरान पूर्व पार्षद महेंद्र आर्य ,पूर्व पार्षद गौरव खुराना, कमल राणा ,विनोद कुमार शर्मा, मुस्कान शर्मा ,आकांक्षा शर्मा मोंटी खेड़ा, आदित्य आर्य, रोहित ,दीपक ,विक्रम सिंह,बंटी कोली आदि लोग उपस्थित थे।

होली चाइल्ड स्कूल में सी.डी. बत्रा मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। होली चाइल्ड स्कूल के क्रिकेट मैदान में अनिल कुम्बले द्वारा संचालित टेन्विक स्पोर्टस के सहयोग से सी.डी. बत्रा मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन बड़े हर्षोल्लास के साथ हुआ। इस प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि यशवंत सिंह, ए.आई.जी.-कारागार, उत्तराखण्ड व डा. नागेन्द्र शर्मा, खेल अधिकारी एवं सचिव खेल बोर्ड-उत्तराखण्ड ने फीता काटकर किया। यह प्रतियोगिता 15 मई तक चलेगी। इसमें रूद्रपुर व बिलासपुर क्षेत्र के स्कूल की क्रिकेट टीम प्रतिभाग कर रही हैं। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच मिल्टन एजूकेशन अकॉदमी, बिलासपुर व जे. के. कान्वेन्ट स्कूल, बिलासपुर के बीच हुआ। इस मैच का टॉस मिल्टन एजूकेशन अकॉदमी ने जीता व पहले फील्डिंग करने का फैसला लिया। इनके मध्य हुए रोमांचक मैच में मिल्टन एजूकेशन अकॉदमी की टीम विजेता रही। दूसरा क्रिकेट मैच आर.ए.एन. पब्लिक स्कूल, बिलासपुर व विजडम पब्लिक स्कूल, रूद्रपुर के मध्य हुआ जिसमें आर.ए.एन. पब्लिक स्कूल की टीम विजेता रही। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री यशवंत सिंह ने अपने संदेश में सभी खिलाड़ियों को खेल भावना से अनुशासन में खेलने के लिए प्रेरित किया तथा आशीर्वाद दिया और विशेष अतिथि डा. नागेन्द्र शर्मा विद्यालय के क्रिकेट मैदान की व्यवस्था देखकर बहुत खुश हुए और अपने संदेश में सभी खिलाड़ियों को अपना बेहतर खेल प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विजेता क्रिकेट टीम को अपनी ओर से बैट देने घोषणा की। विद्यालय के प्रधनाचार्य मिन्टू दूबे ने बताया कि अनिल कुम्बले द्वारा संचालित टेन्विक स्पोर्ट्स अकादमी के अन्तर्गत बच्चों को इस अकादमी के विशेष कोचों द्वारा क्रिकेट, बैडमिंटन व टेबल टेनिस की कोचिंग दी जा रही है जिससे कि बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ खेल-कूद में भी आगे बढ़ रहे हैं। इस अकॉदमी के सहयोग से इन्टर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता का ऑयोजन किया गया है, आगे भी इसी प्रकार से बैडमिंटन व टेबल टेनिस प्रतियोगिता का ऑयोजन किया जाएगा जिससे कि एक स्वस्थ प्रतियोगिता के माध्यम से अच्छे खिलाड़ी आगे आ सकें। इस अवसर पर होली चाइल्ड स्कूल के वाइस चेयरमैन विकास बत्रा, विनय बत्रा, विद्यालय के प्रधानाचार्य मिंटू दुबे, उप-प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार जोशी एवं श्रीमति मंजू अधिकारी, शारीरिक शिक्षा विभाग प्रमुख-सुधाकर सिंह, टेन्विक स्पोर्ट्स के क्षेत्रीय अधिकारी कपिल कुमार व कोच तथा सभी स्कूलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

D. Batra Memorial Inter School Cricket Tournament

न्याय के लिए श्रमिकों ने निकाला जुलूस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पीडीपीएल मजदूर यूनियन के 41 मजदूर बुधवार को जिला प्रशासन से न्याय की आस लगाए हुए दिन भर कलेक्ट्रेट परिसर में भूखे प्यासे डटे रहे ।लेकिन जिलाधिकारी कार्यालय में नहीं पहुंचे। शाम 5बजे श्रमिक जिलाधिकारी कार्यालय से विधायक कार्यालय तक श्रमिकों ने न्याय के लिए जुलूस निकाला। इस दौरान यूनियन अध्यक्ष प्रकाश चिलवाल ने कहा कि 20 दिनों से श्रमिक सड़कों पर धक्के खा रहे हैं। दिनभर कभी इस अधिकारी कभी उस अधिकारी के कार्यालय में जाकर अपनी व्यथा सुना रहे हैं लेकिन 41 मजदूरों की छटनी गैरकानूनी होने के बावजूद अभी तक समाज आटोमोटिव प्रबंधन के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है । यदि यही हालत रहे तो भविष्य में श्रमिकों को अपने आंदोलन को और तेज करते हुए सड़कों पर उतरना पड़ेगा। भाकपा माले जिला सचिव ललित मटियाली ने कहा कि बार-बार आश्वासन मिलने के बावजूद अभी तक कार्यवाही ना होने से ऐसा लग रहा है जैसे कानून अंधा हो गया है गरीब मजदूरों के लिए। पूंजीपति अपने धन के बल पर कानून को ठेंगा दिखा रहे हैं और खुलेआम मजदूरों का शोषण कर रहे हैं। कांग्रेस नेता हरीश पनेरु भी काफी देर तक मजदूरों के साथ रहे। दौरान पीडीपीएल मजदूर यूनियन के महामंत्री चरण सिंह, अरविंद वर्मा ,धर्मेंद्र पटेल सहित सभी 41 श्रमिक मौजूद थे।

काशीपुर स्टेडियम से अब शिफ्ट नहीं होगा एथलेटिक्स और वेटलिफ्टिंग खेल

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने केंद्रीय खेल मंत्री से की मुलाकात

नई दिल्ली। केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद श्री अजय भट्ट ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण, युवा मामले एवं खेल मंत्री श्री अनुराग ठाकुर से मुलाकात की श्री भट्ट ने उन्हें काशीपुर स्टेडियम से भारतीय खेल प्राधिकरण के एसटीसी सेंटर से एथलेटिक्स व वेटलिफ्टिंग खेल को स्विफ्ट न करने का अनुरोध किया। जिस पर केंद्रीय खेल मंत्री ने एथलेटिक्स व वेटलिफ्टिंग खेल को शिफ्ट न करने का आश्वासन दिया है। केंद्रीय मंत्री श्री भट्ट ने बताया कि बुधवार को केंद्रीय खेल मंत्री श्री अनुराग ठाकुर से मुलाकात कर उन्होंने काशीपुर स्टेडियम से भारतीय खेल प्राधिकरण के एसटीसी सेंटर से एथलेटिक्स और वेटलिफ्टिंग खेल को शिफ्ट किए जाने का अनुरोध किया था। जिस पर केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने आश्वासन दिया है कि इन खेलों को शिफ्ट नहीं किया जाएगा। श्री भट्ट ने बताया कि उनके द्वारा पत्र के माध्यम से भी केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर को अवगत कराया गया है कि भारतीय खेल प्राधिकरण का केवल एक मात्र एथलेटिक्स और वेटलिफ्टिंग का सेंटर काशीपुर है। जिसे बंद कर अन्यत्र स्थान पर स्थानांतरित किया जा रहा है जबकि एथलेटिक्स व वेटलिफ्टिंग ही एक ऐसा खेल है जिससे युवाओं का भविष्य उज्जवल हो रहा है और राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त कर खिलाड़ी क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं इसके अलावा कुछ खिलाड़ी काशीपुर के भी हैं जो इस वर्ष 2022-23 में खेलो इंडिया नेशनल गेम्स व राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त कर चुके हैं। जो काशीपुर क्षेत्री व उत्तराखंड राज्य के लिए गौरव का विषय है। श्री भट्ट ने कहा कि उन्होंने पत्र के माध्यम से यह भी अवगत कराया है कि खिलाड़ी विभिन्न विभागों में खेल कोटे से नौकरियां भी कर रहे हैं जिसमें उत्तराखंड के भारतीय खेल प्राधिकरण एसटीसी काशीपुर का विशेष योगदान रहा है। उन्होंने एथलेटिक्स और वेटलिफ्टिंग की प्रतियोगिता में काशीपुर एसटीसी चौंपियन रहने के साथ ही रिजल्ट के मामले में भी प्रथम रहा है। यहां के लगभग 200 खिलाड़ी व युवा मेहनत करके उत्तराखंड का नाम रोशन कर रहे हैं श्री भट्ट ने अवगत कराया कि यदि एसटीसी को बंद या शिफ्ट किया जाता है तो ऐसे में बच्चों का भविष्य अधर में लटक जाएगा। जिस कारण खिलाड़ी एवं युवा तथा उनके परिजनों को मानसिक रूप से परेशान होना स्वभाविक है। उत्तराखंड एथलेटिक्स मीट 2023 में उधम सिंह नगर 108 अंक प्राप्त कर ओवरऑल चौंपियन रहा है जिसमें सबसे ज्यादा मेडल से विजई रहा, जिसमें एसटीसी काशीपुर के 12 गोल्ड, 6 सिल्वर, 4 ब्रांच मेडल लेकर सबसे ज्यादा मेडल से विजय रहा है। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री को श्री भट्ट ने अवगत कराया कि आने वाले समय में 37 वें नेशनल गेम्स उत्तराखंड में होने वाले हैं जिसमें युवा प्रतिभावान खिलाड़ी दिन रात मेहनत करते हैं।

सीमांत क्षेत्रों में लगवाएं मोबाईल टावर: डीएम

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी रीना जोशी ने बीएसएनएल एवं जिओ कम्पनी के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर जनपद के सीमांत क्षेत्रों में मोबाइल टावर स्थापना कार्यों के बावत समीक्षा की। जिलाधिकारी द्वारा जनपद के सीमान्त क्षेत्र के दुर्गम स्थानों पर टावर स्थापना कार्यों में आ रही दिक्कतों के बारे में भी जानकारी ली गयी। वहीं टावर स्थापना कार्यों के बाबत आवश्यक दिशा निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिये गये जिलाधिकारी ने जिओ कंपनी के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनपद के सीमांत क्षेत्र बूंदी, बिलजु व मिलम में टावर स्थापना के दृष्टिगत आगामी 10 दिन के भीतर राजस्व टीम के साथ संयुक्त सर्वे कर लिया जाय। बता दें कि संयुक्त टीम द्वारा संयुक्त सर्वे कर यह देखा जाएगा कि टावर की स्थापना किस स्थान पर की जाय ताकि क्षेत्र में सबको नेटवर्क मिल सके। चूंकि बिलजु और मिलम में अभी सड़क नहीं पहुंची है इसलिए हेलीकॉप्टर से सामान पहुंचाने हेतु प्लानिंग भी की जायेगी। उन्होंने जिओ कंपनी के अधिकारियों से गूंजी, रांगकांग एवं कुटी में टावर स्थापना कार्यों की जानकारी ली। जिस पर जिओ कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि गूंजी में मोबाईल टावर स्थापना कार्य शुरू कर दिया गया है। जिलाधिकारी ने जिओ कंपनी के अधिकारियों को रांगकांग एवं कुटी में भी टावर स्थापना कार्य शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिये। वहीं कहा कि यदि टावर स्थापना कार्यों में किसी प्रकार की समस्या आ रही हो तो संबंधित उप जिलाधिकारी को अवगत कराया जाय। तहसील एवं जिला प्रशासन द्वारा टावर स्थापना कार्यों में सभी आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाएगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी फींचा राम चौहान, डिप्टी डायरेक्टर जनरल बीएसएनएल ग्रामीण उत्तराखंड अशोक कुमार रावत, जीएम बीएसएनएल अल्मोड़ा तथा पिथौरागढ़ मुकेश निखुरिया एवं जिओ कंपनी के अधिकारी उपस्थित थे।

कौसानी में पहली बार होगी राष्ट्रीय स्तर की साईकिल प्रतियोगिता

गरुड़ (उद संवाददाता)।कौसानी में पहली बार राष्ट्रीय स्तर की साईकिल प्रतियोगिता आयोजित होगी। इसकी तैयारी को लेकर आयोजकों ने पुलिस प्रशासन के साथ बैठक कर चिंतन-मंथन किया। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों को भी प्रतिभाग करने का मौका दिया जाएगा। 18 देशों की यात्रा करने के बाद गरुड़ क्षेत्र के देवनाई निवासी प्रदीप राणा ने तहसील कार्यालय में एसडीएम राजकुमार पांडे से मुलाकात कर कौसानी में साईकिल यात्रा करने को लेकर चर्चा की। एसडीएम राजकुमार पांडे ने पर्यटन ,स्वास्थ्य , लोक निर्माण, पुलिस प्रशासन, शिक्षा विभाग, जल संस्थान के साथ चर्चा की। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी विभागों को अपने अपने स्तर से सहयोग करने की बात कही, उनके द्वारा बताया की विश्व में कौसानी को विश्व पर्यटन में मिनी स्विट्जरलैंड के नाम से भी जाना जाता है, गर्मियों में यहाँ देशी विदेशी पर्यटकों का आगमन होता है, हिमालय की वादियों का लुत्फ उठाने के लिए यहाँ पर्यटकों की भीड़ रहती है,पर्यटन की दृष्टि से काफी प्रसिद्ध है। इसको और प्रसिद्ध करने के लिए प्रदीप राणा द्वारा जो योजना बनाई है वह बहुत सुंदर है। राणा ने बताया की अभी तक उनके द्वारा 19 देशों की यात्रा साईकिल से की है। क्षेत्र के युवाओं, युवतियों के लिए उनके द्वारा कौसानी में चार जून को साईकिल यात्रा निकाली जाएगी। 18 साल से नीचे के युवक, युवतियों को लाभ मिलेगा, प्रदीप द्वारा बताया कि उनका उद्देश्य प्रदूषण नियंत्रण, पर्यावरण संरक्षण, पर्यटन को बढ़ावा, स्थनीय रोजगार को लाभ दिलाना, जन स्वास्थ्य को बेहतर करना व कौसानी के साथ पूरे बागेश्वर को बाहरी देशों में पहचान देना मुख्य उद्देश्य है। बैठक में तहसीलदार तितिशा जोशी, रौतेला, हितैषी संस्था के अध्यक्ष रतन सिंह किरमोलिया जलसंस्थान के अधिशाषी अभियंता सीएस देवड़ी जलनिगम अभियंता वी के रवि, डॉ. किशन सिंह राणा,थानाध्यक्ष बैजनाथ कुंदन रौतेला, त्रिलोक सिंह बुटोला मौजूद रहे। युवाओं के लिए साईकिल यात्रा कौसानी अनाशक्ति आश्रम से सुरू कौसानी नाकुरी शौली भत्तडिया रिठाड देवनाई गरुड़ होते हुए कौसानी, युवतियों के लिए कौसानी, नाकुरी, कौलाग, लौबाज होते हुए कौसानी तक होगी।

आवारा पशुओं से निजात दिलाये सरकार: गणेश

किच्छा(उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता व पूर्व दर्जा राज्यमंत्री डॉ गणेश उपाध्याय ने कहा कि भाजपा सरकार गौवंशीय जानवरों के नाम पर वोट की राजनीति करती है तथा आवारा पशुओं के लिए किसी भी प्रकार की कोई भी व्यवस्था नहीं कर रही। सड़कों पर मंडराते बेसहारा गौवंशीय पशुओं से सड़क हादसों में सम्पूर्ण प्रदेश में दर्जनों लोगों की मृत्यु हो चुकी है। दोपहिया वाहन चालक मवेशियों को बचाने के चक्कर में फिसल जाते हैं जिससे लगातार दुर्घटनायें हो रही हैं लेकिन जिम्मेदार सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही हैं। पिछले दिनों हल्द्वानी हाईवे पर गोकुलनगर तथा अन्य स्थानों पर सड़क हादसों में दो युवकों सहित तमाम अन्य लोगों की मौत हो चुकी है। जबकि प्रदेश में दर्जनों लोगों की मृत्यु इन आवारा पशुओं की चपेट में आने से हो चुकी है। वहीं किसानों की फसलों को 20 प्रतिशत नुकसान इन आवारा पशुओं के कारण हो रहा है, जिससे किसान खेती से दूरी बनाते जा रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा बेसहारा पशुओं के लिए गौशालाओं की व्यवस्था की जानी चाहिए। खेती का रकबा बढ़ने, चारे की समस्या बढ़ने, पशुपालकों के निष्प्रयोज्य पशुओं को लावारिस छोड़े जाने, कांजी हाउसों की व्यवस्था नहीं होने से यह समस्या दिन-ब-दिन विकराल होती जा रही है। हर चौक, चौराहे, तिराहे पर पशु लावारिस घूमते देखे जा सकते हैं। नगर के अतिव्यस्ततम क्षेत्रों में तो लावारिस पशुओं की समस्या बड़ा सिरदर्द बन गई है। गाय, बैल और सांड लोगों को नुकसान पहुंचाने के साथ ही हादसों का सबब बन गये हैं। लावारिस पशुओं के आतंक वाले क्षेत्रों को चिन्हित किया जाये तथा आवारा जानवरों के संरक्षण का कोई प्रबंध किया जाना चाहिए। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने वर्ष 2018 में राज्य सरकार को जारी 31 निर्देशों में स्पष्ट रुप से कहा कि वह राज्य में गायों के कानूनी संरक्षक के रूप में कार्य करेगा। साथ ही माननीय हाईकोर्ट उत्तराखण्ड ने राज्य सरकार को जारी 31 निर्देशों में गौशालायें स्थापित करने तथा अपने मवेशियों को छोड़ने वालों के खिलाफ मामला दर्ज करने, गौवध रोकने के निर्देश दिए। परन्तु राज्य सरकार द्वारा माननीय उच्च न्यायालय के एक भी दिशा निर्देशों का पालन नहीं किया गया है।

रम्पुरा में सीसी सड़क निर्माण का किया शुभारम्भ

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। मेयर रामपाल सिंह ने वार्ड नं 22 रम्पुरा में भ्रमण कर जन समस्याएं सुनी एवं काली मंदिर के समीप राम सिंह कोली सब्जी वालों के घर से परशुपाल के घर तक सीसी सड़क एवं दोनों तरफ नाली निर्माण कार्य विधिवत नारियल तोड़कर एवं मिष्ठान वितरण कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार में विकास कार्य जनभावनाओं के अनुरूप धरातल पर उतरे जा रहे है। धामी सरकार हर क्षेत्र मे विकास की गंगा बहा रही है। रुद्रपुर में भी विकास कार्य तेजी से किये जा रहे है। जनता से जो वायदे किये थे उन्हें पूरा किया जा रहा है। आगे भी विकास कार्यो में कोई कमी नही आने दी जाएगी।इससे पूर्व वार्डवासियों ने मेयर रामपाल का जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर वार्ड के सम्मानित पार्षद प्रतिनिधि राम किशन कोली, मंडल अध्यक्ष धर्म सिंह कोली, बिट्टू शर्मा, छेदालाल पाल, चंद्रसेन कोली, डॉ महेश कोली, अजय मौर्या , राजकुमार कोली , हिम्मत रामकोली, शैलेंद्र कोहली,राजू गुप्ता , मन्नू रस्तोगी,तेजपाल कोली, रंजीत, गौतम विश्वास, परिमल राय, नन्ही दास, बिट्टू, काले बाबा ,पूरनलाल, गंगाशरण कोली, सतीश आर्य , जवाहर लाल, राजा बर्मन,अनिल पाल, बबलू गुप्ता, मनीष रस्तोगी, विकास बाला, किशन वर्मन,विनोद वर्मन सहित वार्डवासी उपस्थित रहे ।

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

चौराहों पर धूल 'फांक' रहे नेताओं के 'आदर्श'

अमर शहीद की प्रतिमा को मयस्सर नहीं छत,प्रतिमा स्थल पर चौतरफा गंदगी का अंबार

- अर्श -

रूद्रपुर। रुद्रपुर के रहनुमा जिन अमर शहीदों और महापुरुषों को मौके- बेमौके अपना आदर्श बताकर उनके बताए रास्ते पर चलने का दम भरते हुए हजारों हजार कसमें खाते नहीं थकते,इन दिनों देश के उन्हीं अमर शहीदों और महापुरुषों की प्रतिमाएं शहर के विभिन्न चौराहों पर धूल फांक रही हैं । देश की आन -बान -शान के प्रतीक और राष्ट्र के प्रति अपना सब कुछ सर्वस्व न्योछावर करने वाले महापुरुषों के प्रति कृतज्ञ राष्ट्र एवं अवाम का सम्मान प्रदर्शित करने की गर्ज से, रुद्रपुर नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित इन महापुरुषों की प्रतिमाएं न केवल घोर उपेक्षा एवं दुर्दशा का शिकार है,बल्कि इन प्रतिमाओं के स्थापना स्थल भी 'सिस्टम को शर्मसार' करने वाली गंदगी से पटे पड़े हैं । महापुरुषों की प्रतिमाओं पर दिनोंदिन गहरी चढ़ती धूल की परत और प्रतिमा स्थल में व्याप्त गंदगी की ओर आज तक ना तो नगर के नुमाइंदों अथवा शहर की किसी समाजसेवी संस्था की नजर ही पड़ सकी है और ना ही स्थानीय प्रशासन व नगर निगम का ध्यान ही इस ओर जा सका है स बताने की जरूरत नहीं की रुद्रपुर के सभी जनप्रतिनिधि,छोटे- बड़े राजनेता, समाजसेवी, शासन - प्रशासन के लोग और आमजन दिन में कई- कई दफे ,लगभग रोज ही इन महापुरुषों की प्रतिमाओं के आसपास से गुजरते हैं, मगर उन्हें एक बार भी इसका एहसास नहीं होता की उन्होंने अपने आदर्शों को किस कदर गंदगी में रख छोड़ा है। जान पड़ता है शहर के सियासतदारो को देश के लिए मर मिटने वाले इन महापुरुषों की याद केवल और केवल उनकी जयंती अथवा शहीद दिवस पर ही आती है और उसके बाद इन महापुरुषों की प्रतिमाओं को दुर्गंध मारती गंदगी में धूल खाने के लिए छोड़ दिया जाता है। भारत की आजादी के लिए हंसते- हंसते फांसी का फंदा चूमने वाले अमर शहीद भगत सिंह के प्रतिमा स्थल , स्थानीय भगत सिंह चौक मैं जब उत्तरांचल दर्पण की टीम पहुंची तो वहां व्याप्त गंदगी और अमर शहीद की प्रतिमा की दुर्दशा देखकर पूरी टीम सकते मे आ गई। शहीद भगत सिंह की प्रतिमा स्थल का समूचा परिसर न केवल आवारा पशुओं ,कुत्तों और सूअरों का आश्रय स्थल बना हुआ है बल्कि भगत सिंह की प्रतिमा का रंग भी जगह-जगह से उड़ा हुआ है । हालात यह है की भगत सिंह की प्रतिमा लगभग क्षतिग्रस्त होने की कगार पर है। रही सही कसर खाना खाकर दोना, पत्तल और डिस्पोजल फेंकने वालों ने पूरी कर दी है। बड़ी शर्मिंदगी की बात तो यह है कि अमर शहीद भगत सिंह की प्रतिमा को एक अदद छत तक मयस्सर नहीं और तो और ,समूचे प्रतिमा स्थल में व्याप्त गोबर और गंदगी के मद्देनजर यू मालूम होता है ,जैसे स्थानीय प्रशासन अथवा नगर निगम के किसी सफाई अमले की रह गुजर एक अरसे से उधर नहीं हुई । कमोबेश ऐसा ही कुछ हाल नगर के गाबा चौक के पास स्थापित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा का भी है । नेताजी की प्रतिमा पर भी धूल की मोटी परत जमा है और प्रतिमा का रंग जगह-जगह से उड़ने लगा है। अगर समय रहते नेताजी की प्रतिमा की देखरेख नहीं की गई तो नेताजी की प्रतिमा भी दुर्दशा को प्राप्त हो जाएगी । बात मेन मार्केट तिराहे पर स्थापित, संविधान निर्माता डॉक्टर अंबेडकर की प्रतिमा स्थल की करें तो वहां के हालात अपेक्षाकृत कुछ ठीक हैं । वह इसलिए क्योंकि आजकल छोटे छोटे से मसले पर संविधान को खतरे में बताने और अपनी संवैधानिक अधिकारों की दुहाई देने का एक रिवाज-सा चल पड़ा है। लिहाजा अक्सर ही शहर के छुट भैया नेता किसी न किसी बहाने प्रतिमा स्थल पर एकत्रित होते ही रहते हैं। इसके अलावा अभी पिछले माह ही डा. अंबेडकर का जन्मोत्सव मनाया गया है, हो सकता है बाबा साहब के किसी समर्थक अथवा नगर निगम ने इस मौके पर प्रतिमा स्थल की साफ सफाई कराने की जहमत उठा ली हो। कदाचित इसलिए डॉक्टर अंबेडकर की प्रतिमा पर धूल की परत उतनी नहीं जम पाई है, जितनी की अन्य महापुरुषों की प्रतिमाओं पर जम चुकी है , लेकिन जूठे पत्तल वगैरह लोगों ने यहां भी फेंक रखे हैं स हैरत की बात तो यह है कि डॉ आंबेडकर के अनुयायियों की नजर भी वहां फेंके गए जूठे पत्तलो पर अब तक नहीं पड़ सकी है।जहां तक शहर के बीचोबीच डीडी चौक में स्थापित पंडित राम सुमेर शुक्ला की प्रतिमा स्थल का सवाल है ? तो इस प्रतिमा स्थल के हालात भी अन्य प्रतिमा स्थलों से जुदा नहीं । यहां भी प्रतिमा पर धूल की मोटी परत चढ़ी हुई है तथा प्रतिमा स्थल पर गंदगी मौजूद है। पंडित रामसुमेर शुक्ल की प्रतिमा की इस उपेक्षा के क्रम में इस तथ्य का जिक्र आवश्यक है कि शुक्ला जी के परिवार जनों का उत्तराखंड की सियासत में अच्छा खासा दखल है और वे समय सत्ताधारी दल से भी जुड़े हुए हैं, मगर बड़ी विडंबना तो यह कि ऐसे सियासी रसूख धारियों का भी, अपने परिवार के गौरव पंडित राम सुमेर शुक्ला की प्रतिमा की देखरेख के प्रति जरा भी रुचि नहीं है । ऐसे में यह प्रश्न स्वयमेव उठ खड़ा होता है कि क्या चौराहों पर महापुरुषों की प्रतिमाओं के की स्थापना कर देने और उनके जन्मदिवस अथवा शहीद दिवस पर उनकी प्रतिमाओं पर फूल- माला चढ़ा देने मात्र से ही समाज के कर्तव्य की इतिश्री हो जाती है अथवा इससे आगे भी कुछ और है ? इससे भी बड़ा सवाल यह है कि क्या स्थानीय प्रशासन, नगर निगम ,शहर की नेता बिरादरी और आमजन को महापुरुषों की प्रतिमाओं की इस दुर्दशा पर तनिक भी शर्मिंदगी का अहसास होगा ? और क्या स्थानीय प्रशासन व नगर निगम अपनी गलती पर पश्चाताप करते हुए रुद्रपुर शहर में विभिन्न स्थानों पर स्थापित सभी महापुरुषों की प्रतिमाओं के समुचित रखरखाव व साफ-सफाई समुचित व्यवस्था कर भारत के इन अमर शहीदों को सच्चा सम्मान दे सकेगा ?









हरिनाम संकीर्तन से जीवन हो जाता है सफल : चुघ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।नर नारायण सेवाश्रम, ग्राम डिबडिबा कौशलपुर में नर नारायण सेवा संघ सेवक दल व भक्त जनों द्वारा गत पांच मई से प्रारंभ किए गए 24 प्रहर अखण्ड महानाम संकीर्तन एवं विशाल भंडारा का गत दिवस समापन हुआ। इस अवसर पर विशिष्ठ अतिथि के रूप में पहुंचे अल्पसंख्यक कल्याण कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख के प्रतिनिधि ब्लॉक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख, विधायक शिव अरोरा, वरिष्ठ समाजसेवी भारत भूषण चुघ, दलजीत सिंह गौराया का स्वामी भावानंद ब्रह्मचारी, स्वामी शिवानंद दास, स्वामी गोपाल दास, स्वामी हिरामन दास, स्वामी रूही दास, स्वामी ललित आदि द्वारा स्वागत करते हुए उन्हें अंगवस्त्र ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। उपस्थित भक्त जनों को संबोधित करते हुए श्री चुघ ने कहा कि राधा कृष्ण की भक्ति न सिर्फ भारत बल्कि विश्व के कई देशों में हरि भक्तों द्वारा के जाती है। महानाम संकीर्तन करने एवं इसका श्रवण करने वाले सभी श्रद्धालुओं का जीवन सफल हो जाता है। हरि नाम की भक्ति में स्वयं को समर्पित करने वालों पर सदैव ईश्वर की कृपा बनी रहती है। श्री चुघ ने इस धार्मिक कार्यक्रम के आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि इस आयोजन से संपूर्ण क्षेत्र की भूमि पवित्र हो गई है। इस अवसर पर उप्र में अल्पसंख्यक कल्याण कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख के प्रतिनिधि व ब्लॉक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख ने कहा कि भाजपा सरकार जनसमस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करने तथा लोगों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए हमेशा गंभीर रही है। उन्होंने ग्राम में आवश्यक सड़क व नाले बनवाने की घोषणा की। वहीं रूद्रपुर के विधायक शिव अरोरा ने ग्राम कीरतपुर से मंदिर जाने वाले मार्ग को बनवाने की घोषणा की। इस दौरान पार्षद विनय विश्वास मंगत सिंह, डा. एससी मलिक, डा. श्यामल मलिक, मनोरंजन दास, डा. मणी शंकर बढ़ोई, विजय मिस्त्री, चंद्र प्रकाश चुघ, सूरज दास, निमाई मंडल, विनय विश्वास, मिथुन मलिक, मोंटू सरकार, गोबिंद ग्रोवर, रामचंद्र कथूरिया, अमित गौड़ व सुभाष जुनेजा ओमप्रकाश अरोरा केसर दास पावा सोनू वर्मा सहित सैकड़ों भक्त जन उपस्थित थे।

आरजे देवांगना चौहान ने राज्यपला से की मुलाकात

देहरादून(उद संवाददाता)।राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से बुधवार को राजभवन में आरजे देवांगना चौहान ने शिष्टाचार मुलाकात की। देवांगना 93.5 रेड एफएम की रेडियो जॉकी है और उन्हें एसीईएफ के ग्लोबल कस्टमर इंगेजमेंट अवार्ड-2023 में आरजे ऑफ द ईयर का पुरस्कार मिला है। राज्यपाल ने उन्हें आरजे ऑफ द ईयर पुरस्कार मिलने पर बधाई एवं उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह बेहद हर्ष का विषय है कि यह सम्मान उत्तराखण्ड की बेटी को मिला है जो अन्य बेटियों के लिए प्रेरणा का कार्य करेगा। इस अवसर पर सीनियर प्रोड्यूसर रेड एफएम श्री सरीम भी उपस्थित रहे।

सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवकों की मौत

रामनगर(उद संवाददाता)। बुधवार की सुबह उधम सिंह नगर से दो युवक बाइक पर सवार होकर रामनगर से होते हुए कोटाबाग किसी काम से जा रहे थे इसी बीच बैलपडाब के समीप किसी अज्ञात वाहन चालक ने इन दोनों युवकों की बाइक पर टक्कर मार दी जिससे दोनों बाइक सवारों की दर्दनाक मौत हो गई घटना के संबंध में एक मृतक के रिश्तेदार जहीर ने बताया कि इस दुर्घटना में उसका रिश्तेदार असद निवासी जसपुर एवं काशीपुर निवासी शाहिद रजा बुधवार को बाइक से कोटाबाग के लिए निकले थे इसी बीच उनकी बाइक पर किसी अज्ञात वाहन चालक ने बैलपडाब क्षेत्र में टक्कर मार दी जिसमें दोनों बाइक सवारों की मौत हो गई है घटना की जानकारी मिलने पर चौकी पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार के लिए रामनगर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया घटना की जानकारी परिजनों को दे दी गई है तथा पुलिस भी मामले की जांच में जुटी हुई है।

बड़े मीट की बिक्री में की जा रही वसूली के खिलाफ खोला मोर्चा

रामनगर(उद संवाददाता)। बड़े मीट की बिक्री को लेकर की जा रही अवैध वसूली के खिलाफ अब मुस्लिम समाज के लोगों का रोष लगातार बढ़ता जा रहा है। अवैध वसूली को लेकर नगर पालिका के एक सभासद ने भी मोर्चा खोलते हुए इस पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। नगर पालिका के सभासद मोहम्मद मुजाहिद ने आरोप लगाते हुए कहा कि नगर पालिका बोर्ड की बैठक में बड़े मीट की बिक्री का मूल्य 180 प्रति किलो निर्धारित किया गया है लेकिन समाज के लोगों को यह मीट 220 किलो बेचकर 40 किलो की अवैध वसूली की जा रही है। उन्होंने कहा कि संबंध में पूर्व में अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन दिया गया है वही इलाके के लोगों ने भी बढ़े हुए रेटों पर रोक लगाए जाने की मांग की है।।इस मामले में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी महेंद्र कुमार ने बताया कि उक्त मामले में सभासद की लिखित शिकायत प्राप्त हो चुकी है तथा इस संबंध में आगामी दिनों में होने वाली बोर्ड बैठक में इस मुद्दे को रखा जाएगा तथा बोर्ड बैठक के निर्णय के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

₹18000* तक की बचत AC [illegible] करने पर

28% GST का लाभ

0% फाइनेंस उपलब्ध

गर्मियों में ठंड जैसी राहत

गुरू माँ

36 महीने तक की EMI उपलब्ध

3 घंटे में फ्री डिलीवरी / इंस्टालेशन

0% फाइनेंस उपलब्ध

Free इंस्टालेशन

Budget Ac

MRP- ₹48,990/- OFFER- ₹28,490/-
183 VECTRA PEARL
VOLTAS WINDOW AC 1.5T 3 STAR
EMI - ₹ 1990

MRP- ₹41,249/- OFFER- ₹30,490/-
RAW318HFDOWZ1
HITACHI WINDOW AC 1.5T 3 STAR
EMI - ₹ 2490

MRP- ₹38,500/- OFFER- ₹30,500/-
WFA318LN
BLUE STAR WINDOW AC 1.5T 3 STAR
EMI - ₹ 2299

MRP- ₹37,890/- OFFER- ₹27,500/-
GLW18B3YWSMR
LLOYD WINDOW AC 1.5T 3 STAR
EMI - ₹ 1666

Premium Split Ac



MRP- [illegible] OFFER- [illegible] 10%
GLS18I3FWAMV
LLOYD SPLIT INVERTER AC 1.5T 3 STAR
EMI - ₹ 2875

MRP- [illegible] OFFER- [illegible] 5%
RSQG318HFEOF
HITACHI SPLIT INVERTER AC 1.5T 3 STAR
EMI - ₹ 3125

MRP- [illegible] OFFER- [illegible] 7.5%
IA318DNU
BLUE STAR SPLIT INVERTER AC 1.5T 3 STAR
EMI - ₹ 2959

MRP- [illegible] OFFER- [illegible] 7.5%
HSU50V
HAIER SPLIT INVERTER AC 1.5T 3 STAR
EMI - ₹ 2792

Mid-Range Split Ac

MRP- [illegible] OFFER- [illegible] 5%
GIC18PTC3
GODREJ SPLIT INVERTER AC 1.5T 3 STAR
EMI - ₹ 2709

MRP- [illegible] OFFER- [illegible] 10%
183V VECTRA PLATINA
VOLTAS SPLIT INVERTER AC 1.5T 3 STAR
EMI - ₹2792

MRP- [illegible] OFFER- [illegible] 10%
SUPREME COOL
WHIRPOOL SPLIT INVERTER AC 1.5T 3 STAR
EMI - ₹3311

MRP- [illegible] OFFER- [illegible] 10%
AR18CY3ARWK
SAMSUNG SPLIT INVERTER AC 1.5T 3 STAR
EMI - ₹ 1990

Easy EMI Options Available

IndusInd Bank, Standard Chartered, YES BANK CREDIT CARDS, citi, HDFC BANK, ICICI Bank, AMERICAN EXPRESS, AXIS BANK, Bank of Baroda

Heavy-Duty Split Ac

MRP- [illegible] OFFER- [illegible] 5%
FTKY50U
DAIKIN SPLIT INVERTER AC 1.5T 4 STAR
EMI - ₹3125

MRP- [illegible] OFFER- [illegible] 7.5%
AM200CH
AMSTRAD SPLIT AC 1.5T 3 STAR
EMI - ₹ 1917

MRP- [illegible] OFFER- [illegible] 5%
ASGG18CPAA
GENERAL SPLIT INVERTER AC 1.5T 5 STAR
EMI - ₹4041

MRP- [illegible] OFFER- [illegible] 5%
MS JP18VF
MITSUBISHI SPLIT INVERTER AC 1.5T 3 STAR
EMI - ₹ 3292

उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन

DAIKIN
WORLD'S LEADING AIR CONDITIONING COMPANY FROM JAPAN
innovating for Change
pure cooling

VOLTAS
VOLTAS · beko
गुरू माँ

Coolest Summer Offer

First time ever ASSURED CASHBACK on Voltas and Voltas Beko products.

Available on non-EMI and cash-based transactions with pine labs
Exclusively on the Pine Labs PoS.

AMSTRAD
NOW IN INDIA
NEXT GENERATION AIR CONDITIONERS

Smart heavy duty cooling at 60° temperature

RO Purifier की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध

MRP- ₹19,000/- OFFER- ₹11,990/-
ELEGANT LITE
KENT WATER PURIFIER

MRP- ₹19,500/- OFFER- ₹13,990/-
SUPER PLUS
KENT WATER PURIFIER

MRP- ₹13,000/- OFFER- ₹9,990/-
CHAMP RO + UV
AQUAGUARD WATER PURIFIER

MRP- ₹19,000/- OFFER- ₹13,990/-
REGAL
AQUAGUARD WATER PURIFIER

Water Dispencer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध

MRP- ₹11,590/- OFFER- [illegible]
HWD3WFS
HAIER WATER DISPENCER

MRP- ₹12,590/- OFFER- [illegible]
BWD3FMCGA
BLUESTAR WATER DISPENCER

MRP- ₹11,390/- OFFER- [illegible]
MINI MAGIC PURE F
VOLTAS WATER DISPENSER

MRP- [illegible] OFFER- [illegible]
TABLE TOP
VOLTAS WATER DISPENSER

MRP- [illegible] OFFER- [illegible]
TABLE TOP
BLUE STAR WATER DISPENSER

SAMSUNG
Inverter Frost Free
SIDE BY SIDE
Refrigerator
Starting Price
₹ 69,990/-
(Effective Price after Cash Back)

VOLTAS
SIDE BY SIDE
Refrigerator
Starting Price
₹ 59,990/-

Refrigerator की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध

MRP- ₹22,490/- OFFER- ₹19,990/-
188 LTR
VOLTAS REFRIGERATOR

MRP- ₹14,990/- OFFER- ₹12,490/-
185 LTR
LG REFRIGERATOR

MRP- ₹22,300/- OFFER- ₹16,500/-
215 LTR
WHIRPOOL REFRIGERATOR

MRP- ₹23,990/- OFFER- ₹17,990/-
230 LTR
SAMSUNG REFRIGERATOR

MRP- ₹58,190/- OFFER- ₹42,590/-
332 LTR
BOSCH REFRIGERATOR

MRP- ₹1,33,500/- OFFER- ₹96,990/-
630 LTR
HAIER REFRIGERATOR

Air Cooler की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध

MRP- ₹14,990/- OFFER- ₹12,490/-
STROM 70XL
SYMPHONY AIR COOLER
EMI- ₹ 1040

MRP- ₹18,990/- OFFER- ₹16,990/-
THAR 80
TOMASHI AIR COOLER
EMI- ₹ 1375

MRP- ₹10,990/- OFFER- ₹11,500/-
RACER 80
USHA AIR COOLER
EMI- ₹ 958

MRP- ₹14,790/- OFFER- ₹11,500/-
JETMAX 54
VOLTAS AIR COOLER
EMI- ₹ 958

MRP- ₹13,990/- OFFER- ₹12,500/-
DA60EMA
BLUESTAR AIR COOLER
EMI- ₹ 1040

Deep Freezer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध



MRP- ₹41,450/- OFFER- ₹24490/-
330 LTR
BLUESTAR DEEP FREEZER
EMI- ₹ 1990

MRP- ₹30,960/- OFFER- ₹23,490/-
320 LTR
HAIER DEEP FREEZER
EMI- ₹ 1955

MRP- ₹41,990/- OFFER- ₹23,490/-
320 LTR
VOLTAS DEEP FREEZER
EMI- ₹ 1955

MRP- ₹34,300/- OFFER- ₹24,490/-
325 LTR
GODREJ DEEP FREEZER
EMI- ₹ 2040

*Terms & Conditions Apply | *Under Exchange

सेल्स एवं सर्विस हेतु कॉल करें - 8791989500, 9927882338

गुरू माँ

उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन

RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338, Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 **KASHIPUR-** Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 **HALDWANI-** Tikonia +91-9997207007, Pilikothi +91-8923468434, Pilikothi +91-9690256666, **HARIDWAR-** Haridwar +91-9761699704 **MORADABAD-** Moradabad +91-7500839146, **GADARPUR-** Near Super Market +91-9927850999, **KICHHA-** Kichha +91-7017595920, **LOHAGHAT-** Daak Bangla Road +91-9568035735 **DEHRADUN-** Kaluagarh Road +91-8394949454 **PANIPAT-** West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 **KARNAL-**Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000

SONY Whirlpool SAMSUNG IFB Haier BOSCH VOLTAS DAIKIN HITACHI MITSUBISHI ELECTRIC GENERAL LLOYD BLUE STAR

उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

इमरान की गिरफ्तारी

पाकिस्तान में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को हिरासत में लिए जाने के बाद जैसे हालात पैदा हो गए हैं, उसे संभालना सरकार के लिए एक बड़ी चुनौती बन गई है। दरअसल, अल-कादिर विश्वविद्यालय ट्रस्ट में कथित भ्रष्टाचार के मामले में मंगलवार को इमरान खान को गिरफ्तार करने के लिए वहां जो तरीका अपनाया गया, उसे अप्रत्याशित माना जा रहा है।इमरान खुद पर दर्ज कई मामलों में से दो में जमानत हासिल करने इस्लामाबाद हाई कोर्ट गए थे, जहां अर्धसैनिक बल रेंजर्स ने उन्हें एक अन्य मामले में गिरफ्तार कर लिया और 'नेशनल अकाउंटबिलिटी ब्यूरो' यानी नैब को सौंप दिया। बुधवार को अदालत ने उन्हें आठ दिनों के रिमांड पर भेज दिया। गौरतलब है कि नैब पाकिस्तान में भ्रष्टाचार के मामलों की जांच करती है। हालांकि पाकिस्तान में जब से इमरान खान की कुर्सी गई है, तभी से शहबाज सरकार और सेना उनके खिलाफ शिकंजा कस रही थी। पिछले साल प्रधानमंत्री पद से अपदस्थ होने के बाद से उनके खिलाफ देश भर में कुल एक सौ चालीस से ज्यादा मामले दर्ज कराए गए हैं।अंदाजा लगाया जा सकता है कि इमरान खान को घेरने के लिए शहबाज सरकार की ओर से किस शिद्दत से कार्रवाई की गई है। उन मामलों का क्या आधार है और आखिर वे किस नतीजे पर पहुंचेंगी, यह तो वहां की अदालतों के फैसलों पर निर्भर करेगा, लेकिन कार्रवाई के स्तर पर सरकार जिस तरह की जल्दबाजी में दिख रही है, उससे उसका मकसद साफ लग रहा है।हालांकि पाकिस्तान में शीर्ष पदों पर रह चुकी शख्सियतों को कानून के कठघरे में खड़ा किया जाना और उन्हें हाशिये पर डालना कोई नई बात नहीं है। लेकिन इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद ऐसा शायद पहली बार है कि पाकिस्तान के कई इलाकों में आम जनता व्यापक विरोध प्रदर्शन कर रही हैं। हालात यहां तक पहुंच चुके हैं कि लोग सेना के ठिकानों में भी घुस गए और उन्होंने हिंसक हमले किए। यह छिपा नहीं है कि पाकिस्तान में सरकार के कामकाज में सेना का किस स्तर पर दखल रहा है और उसका असर समूचे देश के शासन के ढांचे पर क्या पड़ा है। दरअसल, सत्ता से बाहर होने के बावजूद इमरान खान ने कई मुद्दों पर जो सार्वजनिक रुख अपनाया, बड़े विरोध प्रदर्शन जारी रखे, सेना पर भी निशाना साधा, उससे एक तरह से वहां जनमत-निर्माण भी हो रहा था। इसलिए निश्चित रूप से यह वहां की मौजूदा सरकार के लिए एक गंभीर चुनौती की स्थिति है, जो पहले ही आर्थिक मोर्चों पर गहराते संकट से निपट पाने में खुद को नाकाम पा रही है।सच यह है कि पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था डूबने के कगार पर दिख रही है। वहां के लोग महंगाई, बेरोजगारी, बढ़ती गरीबी से लेकर अन्य मुद्दों पर लगातार परेशान हैं और इसका आक्रोश वहां अक्सर होने वाले विरोध प्रदर्शनों में फूटता रहा है। ऐसे में इमरान खान स्वाभाविक ही एक प्रतिनिधि प्रतिपक्ष के रूप में खड़े थे और आक्रामक स्वर में चुनौती पेश कर रहे थे। अब उनकी अचानक गिरफ्तारी और उससे जुड़े घटनाक्रम के बाद पाकिस्तान में सुरक्षा और राजनीतिक मोर्चे पर अराजकता फैलने के साथ-साथ आर्थिक हालात और ज्यादा बिगड़ने की आशंका खड़ी हो गई है।

21 मई को सचिवालय रक्षक की परीक्षा चार जनपदों के 62 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी : मर्तोलिया

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष जीएस मर्तोलिया ने आगामी 21 मई को होने वाली सचिवालय रक्षक लिखित प्रतियोगी परीक्षा को दृष्टिगत रखते हुये आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा अधिकारी प्रोएक्टिव व अपने कर्तव्यों का निर्वहन होकर कार्य करें तभी परिक्षायें सफलता पूर्वक सफल होती है। अध्यक्ष चयन आयोग जीएस मर्तोलिया ने बताया कि सरकार द्वारा नकल विरोधी अधिनियम लागू कर दिया गया है इसके तहत नकल करने वालों के खिलाफ कठोर कार्यवाही का प्रावधान है। जिलाधिकारी कैम्प कार्यालय में मण्डल स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक लेते हुये अध्यक्ष अधीनस्थ सेवा चयन आयोग जीएस मर्तोलिया ने कहा कि परीक्षा को नकल विहीन एवं निष्पक्ष करने के लिए उपजिलाधिकारी, पुलिस, राजस्व के विभागों परीक्षा में सम्मलित अधिकारियों को समय-समय पर समीक्षा एवं कार्मिकों की काम के प्रति कार्यक्षमता एवं दक्षता की समीक्षा की गई है। प्रशासन के सहयोग से आयोग परीक्षा को निष्पक्ष एवं सुचितापूर्ण कराने के लिए कृतसंकल्प है। अध्यक्ष श्री मर्तोलिया ने बताया कि 21 मई को सचिवालय रक्षक की परीक्षा चार जनपदों के 62 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी। उन्होनें बताया कि आज बुधवार को मुख्य आरक्षी पुलिस दूरसंचार की लिखित परीक्षा का परीणाम घोषित कर दिया है। गुरूवार 11 मई को आयोग द्वारा मत्स्य निरीक्षक के 28 पदों के सापेक्ष 28 चयनित अभ्यर्थियों की चयन संस्तुति नियोक्ता विभाग को प्रेषित कर दी जायेगी। उन्होंने बताया कि जनपद अल्मोडा से 2315 एवं नैनीताल से 5628 कुल 7943 अभ्यर्थियों ने अपना पंजीकरण कराया है। श्री मर्तोलया ने सभावित परीक्षा केन्द्र क्वीन्स पब्लिक स्कूल एवं खालसा इन्टर कालेज में आयोजित होने वाली परीक्षा के तहत निरीक्षण भी किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि कोचिंग सेंटरों के साथ ही , बॉर्डर व होटल-ढाबों पर नियमित चैकिंग की जाए ताकि परीक्षा को निर्बाध सफल बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि आयोग के सभी अनुभाग पूरी दक्षता एवं पादर्शिता से कार्य कर रहे हैं। आयोग अपने कर्तत्यों के अनुरूप समूह ग की सभी परीक्षायें करवाने में सक्षम है। उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा पिछले डेढ माह में कनिष्ठ सहायक, कर्मशाला अनुदेशक,मत्स्य निरीक्षक की लिखित प्रतियोगी परीक्षाओं का परिणाम जारी कर अभिलेख सत्यापन की कार्यवाही पूर्ण कर कुल 1213 पदों के लिए परीक्षा परिणाम जारी किये गये हैं। उन्होंने कहा आगामी दो माह में तीन परीक्षाओं का आयोजन किया जायेगा। बैठक में जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल,अपर जिलाधिकारी शिव चरण द्विवेदी, एसपी सिटी जगदीश चन्द्र, राजेश भटट, मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत,हेमन्त भटट अल्मोडा, मुख्य कोषाधिकारी अल्मोडा सुरेश चन्द्र तिवारी,सीओ अल्मोडा विमल प्रसाद के साथ ही सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

डीएम ने किया नहर कवरिंग क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल ने बुधवार को नहर कवरिंग क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था सिंचाई एवं जलसंस्थान विभाग को आपसी समन्वय के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कार्यदायी संस्था के अधिकारियों से कहा कि यह कार्य लोनिवि, सिंचाई, जलसंस्थान एवं विद्युत विभाग द्वारा किया जा रहा है सभी विभाग के अधिकारी प्रतिदिन कार्यो की मॉनिटरिंग करें किसी एक विभाग के द्वारा कार्यो में देरी होने पर आमजनमानस को परेशानियों से गुजरना ना पडे। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभिन्यता सिंचाई केएस बिष्ट ने बताया कि 01 नवम्बर 2022 को कार्य प्रारम्भ किया गया था कार्य पूर्ण करने की समयावधि 23 मई, 2023 है। उन्होंने बताया कि 06 करोड़ 37 लाख के लागत से 712 मी0 नहर कवरिंग जिसमें से 527 मी0 का कार्य पूर्ण कर लिया गया है अवशेष कार्य सीवर लाईन शिफ्टिंग की वजह कार्य धीमी गति से हुआ है। जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभिन्यता जलसंस्थान को मौके पर निर्देश दिये कि सीवर लाईन शिफ्टिंग के साथ ही बेड लेवल कार्य शीघ्र किया जाए। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को समयावधि में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी, अधिशासी अभिन्यता सिंचाई केएस बिष्ट, एई जलसंस्थान रविन्द्र कुमार आदि मौजूद थे।

166 वीं सालगिरह पर याद किए गए 1857 के संग्रामी

रामनगर (उद संवाददाता)। राजकीय इंटर ढेला में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से 1857 के संग्रामियों को याद किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत 1857 के अजीमुल्ला खां द्वारा लिखे गए प्रयाण गीत हम हैं इसके मालिक से की गई।जिसको खुशी बिष्ट,कोमल सत्यवाली और उनकी टीम ने गया।उसके बाद अंग्रेजी प्रवक्ता नवेंदु मठपाल ने बोलते हुए कहा,आज 1857 में हुए स्वतंत्रता संग्राम की 166 वीं सालगिरह है।इतिहास की उस साझी शहादत साझी विरासत जिसने अंग्रेजी साम्राज्यवाद के 'बांटो राज करो' की सोच को पलीता लगा पूरे देश को एकजुट कर दिया को आज और भी शिद्दत से महसूस किए जाने की जरूरत है। इस महान स्वतंत्रता संग्राम की यह सच्चाई किसी से छुपी नही है कि इसका नेतृत्व नानासाहब, दिल्ली के बहादुरशाह जफर, मौलवी अहमदशाह, तात्या टोपे, खान बहादुरखान, रानी लक्ष्मीबाई, हजरत महल, अजीमुल्लाह खान और शहजादा फिरोजशाह ने मिलकर किया। इस संग्राम में मौलवी, पंडित, ग्रंथी, जमींदार, किसान, व्यापारी, वकील, नौकर, महिलाएं, छात्र और सभी जातियों-धर्मों के लोग भी शामिल हुए और जानों की कुर्बानियां दीं। 11 मई, 1857 को जिस क्रांतिकारी सेना ने बहादुर शाह जफर को भारत का स्वतंत्र शासक घोषित किया था, उसमें 70 प्रतिशत से भी ज्यादा सैनिक हिंदू थे। बहादुरशाह जफर को बादशाह बनाने मे नाना साहब, तात्या टोपे और लक्ष्मीबाई ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। 1857 के संग्राम से संबंधित समकालीन दस्तावेज देश के चप्पे-चप्पे पर घटी ऐसी दास्तानों से भरे पड़े हैं, जहां मुसलमान, हिंदू और सिख इस बात की परवाह किए बिना, कि कौन नेतृत्व कर रहा है, और कितनी भारी कीमत चुकानी पड़ सकती है, एक होकर लड़े और 1857 की जंगे-आजादी मे एक साथ प्राणों की आहुति दी।जीवविज्ञान प्रवक्ता सी। पी खाती ने कहा 1857 का विद्रोह, जिसे भारतीय विद्रोह या भारतीय स्वतंत्रता के प्रथम युद्ध के रूप में भी जाना जाता है, भारत के इतिहास में एक महत्वपूर्ण घटना थी। यह 10 मई, 1857 को मेरठ शहर में ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के सिपाहियों (भारतीय सैनिकों) के विद्रोह के रूप में शुरू हुआ और जल्द ही भारत के अन्य हिस्सों में फैल गया। विद्रोह ब्रिटिश शासन के प्रति भारतीय आबादी के वर्षो के आक्रोश की परिणति थी, और इसने भारत में ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के अंत की शुरुआत को चिह्नित किया।ग्याहरवीं की छात्रा सानिया अधिकारी व तानिया अधिकारी ने भी अपनी बातचीत रखी।बच्चों द्वारा संग्रामियों के चित्र भी बनाए गए।इस मौके पर प्रधानाचार्य श्रीराम यादव, मनोज जोशी,संत सिंह, बालकृष्ण चंद ,शेलेंद्र भट्ट ,उषा पवार,पद्मा मौजूद रहे।

ग्रामीण इलाकों को नगर पालिका में शामिल करने का किया विरोध

रामनगर(उद संवाददाता)।विभिन्न ने ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने सरकार द्वारा रामनगर विकासखंड के 5 ग्रामों को नगर पालिका में शामिल करने के आदेश को तुगलकी फरमान बताते हुए इसके विरोध में नगरपालिका पहुंचकर पालिका अधिकारियों व प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन कियां। बता दें कि प्रदेश सरकार द्वारा नगर पालिका क्षेत्र का विस्तार कर नगर पालिका में ग्राम गौजानी, कानिया, शिवलालपुर रिउनिया, शिवलालपुर पांडे ,चोरपानी आदि ग्रामीण क्षेत्रों को नगर पालिका में शामिल करने की तैयारी की जा रही है जिसका विरोध इस क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीणों ने शुरू कर दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि उनके ग्रामीण क्षेत्रों को नगर पालिका में शामिल करने से पहले सरकार को इन क्षेत्रों में जाकर ग्रामीणों से रायशुमारी करनी चाहिए थी लेकिन सरकार ने ऐसा नहीं किया ग्रामीणों का यह भी आरोप था कि नगरपालिका में शामिल होने के बाद ग्रामीण इलाकों को मिलने वाली सरकार की कई योजनाओं का लाभ भी नहीं मिलेगा। उन्होंने नगर पालिका प्रशासन पर कई आरोप भी लगाए और नगर पालिका द्वारा भेजे गए प्रस्ताव को तत्काल निरस्त करने की मांग की है। इस संबंध में नगर पालिका बोर्ड की हुई बैठक में पालिका अध्यक्ष एवं सभासदों ने भी सरकार के इस फैसले का विरोध कर प्रस्ताव पास किया था ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने जबरन उनके गांव को नगर पालिका में शामिल किया तो 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में सरकार को इसका जवाब दिया जाएगा तथा इन ग्रामीण क्षेत्रों में जनप्रतिनिधियों को काले झंडे दिखाने के साथ ही उनको घुसने नहीं दिया जाएगा वही मामले में नगर पालिका ईओ महेंद्र कुमार ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा आज दिए गए ज्ञापन को उच्चाधिकारियों को प्रेषित किया जाएगा।

व्यापार मण्डल ने किया अतिक्रमण हटाने का समर्थन

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। बुधवार शाम को चौकी प्रभारी शक्तिफार्म ने प्रांतीय उद्योग व्यापार मण्डल के पदाधिकारियो के साथ बैठक कर एस एच (स्टेट हाईवे) के दायरे में कोई भी अतिक्रमण व ठेले फढ़ आदि यथाशीघ्र हटाने का जो उच्च स्तरीय आदेश जारी हुआ है, के विषय में वार्ता की। जिस पर व्यापार मण्डल अध्यक्ष रविन्द्र अग्रवाल ने व्यापारियों से कहा की केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के आदेशानुसार कोई भी व्यापारी नाली के बाहर एवं फुटपाथ पर अतिक्रमण करता पाया गया तो उस पर पुलिस एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है । अतः सभी व्यापारी जो नाली के बाहर एवं फुटपाथ पर अपना सामान लगाते हैं यथाशीघ्र अतिक्रमण वाली जगह खाली कर दें। पुलिस प्रशासन के द्वारा एवं सरकार के द्वारा किसी भी कार्रवाई पर प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल किसी भी व्यापारी का सहयोग नहीं कर पाएगा। क्योंकि किसी भी प्रकार के कानून उल्लंघन का प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल समर्थन नहीं करता है । यह आदेश केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा पुलिस के द्वारा लिखित पत्र व्यापार मंडल को भी मिला है जो कि हम सब को मानना पड़ेगा ।

रम्पुरा वार्ड 23 में शंकर कोली बने कांग्रेस अध्यक्ष

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। रम्पुरा वार्ड 23 में आयोजित महानगर कांग्रेस की एक सभा में महानगर कांग्रेस अध्यक्ष सीपी शर्मा ने सर्वसम्मति से शंकर कोली को वार्ड अध्यक्ष बनाये जाने की घोषणा की। पूर्व पार्षद प्रत्याशी राजू कोली की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सभी ने शंकर कोली को वार्ड अध्यक्ष बनाने पर सहमति जताई। जिसके बाद वार्ड अध्यक्ष शंकर कोली का सभी ने फूल मालाओं से स्वागत किया। इससे पूर्व सभा में पहुंचने पर महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा ने कहा कि वार्डों में चलाये जा रहे जनसंपर्क अभियान के तहत अभी तक 12 वार्डों में वार्ड अध्यक्ष घोषित कर दिये गये हैं। प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा के निर्देश पर 20 मई तक शहर के सभी चालीस वार्डों में वार्ड अध्यक्ष घोषित कर प्रदेश इकाई को सूची प्रेषित कर दी जायेगी। उन्होंने कहा कि वार्ड स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने के लिए समर्पित और जमीन से जुड़े कार्यकर्ताओं को जिम्मेवारी सौंपी जा रही है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से निकाय चुनाव की तैयारी में जुटने का आहवान भी किया। श्री शर्मा ने कहा कि कार्यकर्ता भाजपा सरकार की नाकामियों को जनता के बीच ले जायें। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से जनता त्रस्त हो चुकी है। भाजपा सरकार सरकारी तंत्र से लेकर मंत्री तक बेलगाम हो चुके हैं। श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के किसी भी कार्यकर्ता का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। कार्यकर्ताओं का मनोबल तोड़ने की कोशिश का मुंह तोड़ जवाब दिया जायेगा। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता गोपाल भसीन ने कहा कि कांग्रेस हर वर्ग की पार्टी है। कांग्रेस ने कभी जाति धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं किया। गरीबों को हमेशा आगे बढ़ाने का काम किया। भाजपा सरकार में आज लगातार बढ़ रही महंगाई, भ्रष्टाचार बेरोजगारी से जनता त्रस्त हो चुकी है। इस अवसर पर कांग्रेस नेता सियाराम कोली, कोमिल राम कोली, असंगठित कामकार कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष विरेन्द्र कोली, बनारसी दास कोलू सतीश कुमार, राम अवतार शर्मा, प्रेम कोली, वासुदेव कोली, पप्पू कोली, अशोक कोली, राजू कोली, विजय कोली, आकाश कोली, धर्मेन्द्र कोली, बृजेश कोली, राकेश कोली, शांति देवी, लोंगश्री कोली, वड्डी देवी, कमलेश देवी, कौशल्या देवी, माला देवी, नीतू रानी, कमला देवी, नत्थो देवी, मुन्नी देवी आदि मौजूद रहे।

गाँवों में एएचटीयू ने लोगों को किया जागरूक

बागेश्वर(उद संवाददाता)। एएचटीयू और बाल कल्याण समिति ने राइका बोहाला में छात्रों को जागरूक किया। साथ ही उन्हें कानूनी जानकारी दी गई। थाना झिरौली क्षेत्रान्तर्गत एक नाबालिग लड़की की शादी होने की सूचना मिली। जिसके बाद सूचना मिलते ही एएचटीयू और डीसीआरबी प्रभारी निरीक्षक टीआर बगरेठा बाल कल्याण समिति के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। वही लड़की की जन्मतिथि के सम्बन्ध में दस्तावेज चैक किये तो लड़की का बालिग होना पाया गया। एएचटीयू प्रभारी इंस्पेक्टर टी आर बगरेठा द्वारा अब तक विभिन्न स्थानों में जागरूकता शिविर लगाकर हजारों छात्रों और आमजनमानस को कानूनी जानकारी हेतु शिविर के माध्यम से जागरूक कर दिया है,वही जिले के दूरस्थ स्थानों में भी लोगों को शिविर के माध्यम से विभिन्न कानूनी जानकारी और जागरूकता प्रदान की गई है, अपनी कुशल वक्तव्य शैली और कानून की बेहतर जानकारी से आमजन को कानूनी जानकारी और जागरूकता कर सरकार और मित्र पुलिस द्वारा लोगों को बेहतर कानून व्यवस्था के लिए जागरूक करने में उन्हें महारथ हासिल है वही फिर उनकी टीम द्वाराजिला विधिक सेवा प्राधिकरण बागेश्वर द्वारा राइका बोहाला में आयोजित जागरुकता शिविर में ऑपरेशन मुक्ति अभियान 'भिक्षा नहीं शिक्षा दे' विषय पर छात्र-छात्राओं को शिक्षा के महत्व को बताकर शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया,वहीं बाल विवाह,बाल श्रम, बधुवा मजदूरी,मानव तस्करी,साइबर अपराधों,यातायात नियमों से सम्बंधित अपराधो के बारे जानकारी दी गई वहीं छात्रों को नशे से होने वाले दुष्परिणाम व उसके बचाव के बारे में बताया गया। उत्तराखंड पुलिस एप/गौरा शक्ति की पूर्ण जानकारी दी गई।एएचटीयू प्रभारी बगरेठा ने कहा कि भिक्षा बच्चों के भविष्य को अंधकार में ले जाती है जहां से बच्चे धीरे-धीरे भिक्षा से मिले पैसों का प्रयोग नशे के लिए करते हैं एवं नशे की पूर्ति ना होने पर फिर अपराध की ओर बढ़ते हैं ;शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है; जिससे बालक बालिकाओं के भविष्य को संवारा जा सकता है।वही महिलाओं और छात्रों को टोल फ्रीनंबर1090,1930,1098,112 के बारे में छात्र छात्राओं को जागरूक किया गया छात्र-छात्राओं एवं अध्यापक गणों द्वारा उत्तराखंड पुलिस द्वारा चलाए जा रहे जन जागरूकता अभियान की सराहना की गई। भिक्षा नहीं शिक्षा दे' विषय पर छात्र-छात्राओं/अध्यापकों एवं स्थानीय जनता के साथ रैली का आयोजन कर शिक्षा के महत्व को बताकर शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही विभिन्न विषयों की जानकारी देते हुए पंपलेट वितरित कर जागरुक किया गया । छात्रों ने राइका बोहाला से बिसतोला से बोहाला तक जागरूकता रैली निकाली।

गरुड़ पहुँची जगदीशिला यात्रा

बागेश्वर(उद संवाददाता)।कांडा से बागनाथ दर्शन व गंगा आरती के बाद जगदीशिला डोली यात्रा कोट भ्रामरी मंदिर गरुड़ के लिए रवाना हो गई है। वहां लोग डोली के दर्शन करेंगे। यहां दर्शन के बाद डोली गढ़वाल लिए रवाना हो गई। यात्रा संयोजक व पूर्व मंत्री मंत्री प्रसाद नैथानी ने कहा कि पवित्र डोली यात्रा पिछले 24 सालों से लगातार चल रही है। गढ़वाल से सभी प्रमुख तीर्थ मंदिरों तीर्थ स्थलों को जाने के बाद यात्रा कुमाऊ के प्रमुख तीर्थ स्थानों प्रमुख देवी देवताओं के धाम मंदिर होते हुए चलती है, डोली यात्रा में जिले के संयोजक कांग्रेस जिलाध्यक्ष भगवत डसीला,पूर्व जिपं अध्यक्ष हरीश ऐठानी, जिपं सदस्य वंदना ऐठानी सहित भक्तगणों ने पवित्र डोली के दर्शन कर आशीर्वाद लिया।बागेश्वर जिले के बागनाथ मंदिर और सरयू आरती के बाद कांडा के कालिका मन्दिर पहुँचने के बाद यात्रा दस बजे बाद डोली गरुड़ स्थित कोट भ्रामरी मंदिर में पहुंची। यहां लोगों ने डोली का स्वागत किया। डोली के साथ आए लोगों ने कोट भ्रामरी मंदिर के दर्शन किए। इसके बाद दल आगे रवाना हुआ। इस मौके पर पूर्व विधायक कपकोट ललित फर्स्वाण, प्रकाश कोहली, बसंत नेगी, लक्ष्मण राम आर्य, रंजीत दास, बलवंत भंडारी आदि लोग मौजूद रहे।

हरीश उक्रांद कार्यवाहक नगर अध्यक्ष मनोनीत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। उत्तराखंड क्रांति दल की भोला नाथ गार्डन में आयोजित हुई बैठक में उक्रांद के जिलाध्यक्ष दिनेश चंद्र भट्ट की संस्तुति से हरीश चंद्र जोशी को संगठन का नगर कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष एडवोकेट पवन बिष्ट ने की। बैठक में बोलते हुए उत्तराखंड क्रांति दल के केंद्रीय महामंत्री सुशील उनियाल ने कहा कि जल्द से जल्द हल्द्वानी में 60 वार्डों में दल का गठन कर दिया जाएगा और उक्रांद नगर निगम का चुनाव दमखम से लड़ेगा। बैठक में उक्रांद के केंद्रीय कोषाध्यक्ष तेज सिंह कार्की, लीलाधर उपाध्याय, कमल बिष्ट, मनोज पांडे, बल्लू कश्यप, मनीष नेगी, संजय आर्य, चंद्रमोहन, नवीन जोशी, जगदीप अग्रवाल, अमरजीत कोहली सहित कई लोग उपस्थित थे।

पेज एक का शेष...

लोन पर आईफोन...प्रार्थी बिग बाजार मॉल स्थित दुकान नन्दन टेलीकॉम एलएलपी पर पहुंचा। वहां मौजूद रजत तरफदार को वह पहले से ही जानता था से दो आई-फोन लोन करने की बात कही तो उक्त रजत तरफदार ने उससे आधारकार्ड, पैन -कार्ड लेकर 4,800 रूपये नकद अपने गुगल-पे एकाउन्ट पर मांगे। जो रजत तरफदार के मोबाइल पर प्रेषित कर दिये । शिवपद का कहना है कि रजत तरफदार ने लोन की सारी कार्यवाही करने के उपरान्त कहा कि तुम्हारी सिविल रिपोर्ट अच्छी नही हैं, इसलिये तुम्हारा लोन नही हो पा रहा हैं तुम थोड़ी देर बाहर बैठो। तुम्हारे पैसे कम्पनी के एकाउन्ट से वापिस कराता हूँ । थोड़ी देर बाद वरून ने उसको 4,800 रूपये नकद वापस दे दिये। इसके बाद वह अपने घर वापिस आ गया। उसका कहना है 10 मार्च 2023 को उसके मोबाइल पर एचडीएफसी बैंक मुख्य ब्रांच दिल्ली से कॉल आया कि तुमने 150018 रूपये के जो दो आई-फोन लोन पर लिये हैं उनकी किश्त कुल 7074 रूपये की अदायगी नहीं की गयी हैं। उक्त किस्ते जल्दी जमा करा दे। शिवपद का कहना है उसने बैंक के अधिकारी से कहा कि उसका लोन अस्वीकार कर दिया गया था। उसने रजत तरफदार से उक्त लोन सम्बन्धी जानकारी प्राप्त की तो उसने कहा कि उसने दोनों आई-फोन वरून को दे दिये थे। जब उससे धोखाधड़ी करने की बात कही तो रजत तरफदार ने उसे गालियाँ देकर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रकम दोगुना करने...बिजनेस करता है। उसने बताया कि इस बिजनेस में मोटी कमाई है। उसने बताया कि उसके पिता भी यही काम करते हैं। उसने अपने पिता से जब मुलाकात करवाई तो उसके पिता नहीं रत्नांगी को प्लान दिखाते हुए बताया कि रकम निवेश करने पर एक वर्ष के भीतर ही रकम दोगुना हो जाती है। इसके अलावा बिजनेस करते हुए तमाम अवार्ड भी मिलते हैं। पिता-पुत्र ने क्यू नेट नामक कंपनी का खुद को स्वामी बताते हुए एग्रीमेंट हस्ताक्षरित कराया बाद में भारत तथा दिल्ली निवासी देवेंद्र खंडेलवाल नामक व्यक्ति ने 11 लाख रुपए की रकम बैंक अकाउंट में ट्रांसफर करवाएं। काफी समय बाद भी जब दिए रकम का कोई मुनाफा नहीं मिला तो दोनों ने बताया कि इसकी ट्रेनिंग के लिए दिल्ली वह भोपाल चलना होगा। महिला जब साथ चलने के लिए राजी हो गई तो आरोप है कि दोनों में ले जाकर भोपाल में उसे अकेला छोड़ दिया और वहां से भाग गए। इसके बाद से महिला को धोखाधड़ी का शक होने लगा। उसने जब सारी जानकारी जुटाई तो पता चला कि सुनियोजित तरीके से उसे ठग लिया गया है। भारत के पिता से मिलने जब वह उसके ऑफिस पहुंची तो उसने गाली गलौज करते हुए महिला को वहां से भगा दिया। जानकारी निकालने पर या अभी पता चला कि पिता-पुत्र कंपनी के असल मालिक नहीं थे। महिला का आरोप है कि रकम वापस मांगे जाने पर उसे उपरोक्त तीनों द्वारा लगातार जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए उपरोक्त तीनों के खिलाफ धारा 420, 504, 506 आईपीसी के अंतर्गत मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

गैर का प्लाट दिखाकर...2020 में आईटीआई थाना क्षेत्र के खड़कपुर देवीपुरा निवासी बलवीर यादव की पत्नी सुखलेश यादव तथा रमपुरा निवासी संदीप

कूड़ा निस्तारण के लिए कार्यशाला का आयोजन

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। विकासखण्ड सल्ट में ग्रामीण क्षेत्रों में समुचित कूड़ा निस्तारण के सम्बन्ध में एक कार्यशाला का आयोजन विकासखण्ड सभागार में किया गया। जिसमें समस्त ग्राम प्रधानों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस कार्यशाला में गीले/सूखे कूड़े के पृथकीकरण, एकत्रीकरण व सड़क मार्ग तक पहुँचाने के बारे में विस्तृत जानकारी ग्राम प्रधानों को दी गयी। इस दौरान जिला विकास अधिकारी के0एन0 तिवारी ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है। उन्होंने उपस्थित लोगों को केन्द्रीय वित्त से टाईड व अनटाईड धनराशि का उपयोग किस प्रकार किया जाय। उन्होंने बताया कि कई ग्राम पंचायतों में इस मद में धनराशि अवशेष रह जाती है इस सम्बन्ध में किस प्रकार से कार्य योजना बनायी की जानकारी ग्राम प्रधानों को दी। इस दौरान मनरेगा के अन्तर्गत किये जाने वाले कार्यों की भी जानकारी उपस्थित ग्राम प्रधानों को दी।

अवैध शराब के साथ तस्कर पकड़ा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पुलिस द्वारा शराब की अवैध तस्करी के विरुद्ध प्रचलित अभियान के तहत एक नशा तस्कर को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। जानकारी के अनुसार प्रभारी निरीक्षक कोतवाली हल्द्वानी के दिशा-निर्देशन एवं उप निरीक्षक दिनेश जोशी चौकी प्रभारी राजपुरा के नेतृत्व में चौकी पुलिस द्वारा सायंकालीन चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति अनिल उर्फ अनिया पुत्र जशोदी राम, निवासी वार्ड नंबर 12, राजपुरा को कुल 52 पव्वे मसालेदार देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बरामद शराब कब्जे में लेकर अनिल के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

सिंह पुत्र कुलदीप सिंह ने रमपुरा क्षेत्र में उसे 1700 वर्ग फीट का एक प्लांट दिखाया। इस प्लॉट का सौदा साढ़े पांच लाख रुपयों में तय हुआ। शिकायतकर्ता ने कोर्ट को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि सौदा तय होने के बाद उसने 2020 की 17 मार्च को तय रकम साढ़े पांच लाख अदा कर दी। इस दौरान प्लॉट की रजिस्ट्री व दाखिल खारिज भी हो गया। शिकायतकर्ता का कहना है कि तबीयत खराब होने के कारण कुछ दिन वह प्लॉट पर नहीं गया। वर्ष 2021 की जुलाई माह में शिकायतकर्ता जब प्लॉट पर जाकर सफाई कर रहा था इसी दौरान मोहल्ला विजय नगर नई बस्ती निवासी माया देवी पत्नी हरिद्वारी लाल यादव वहां पहुंच गए। उन्होंने बताया कि यह प्लॉट उनका है। वर्ष 2007 की 9 मई को मोहल्ला कटरा मालियान निवासी आनंद सिंह पुत्र शिव नारायण सिंह सिंह खरीदा था जिसकी रजिस्ट्री करा ली थी। यह सुनते ही शिकायतकर्ता के पैरों तले जमीन खिसक गई। उसने रजिस्ट्री कार्यालय में जाकर जब हकीकत का पता लगाना शुरू किया तो पता चला कि उसके साथ शातिर दिमाग महिला ने दूसरे का प्लॉट दिखाकर साढ़े पांच लाख ठग लिए। शिकायतकर्ता ने कोर्ट को बताया कि घटना की तत्काल बाद उसने स्थानीय पुलिस को इसकी लिखित शिकायत करते हुए कार्यवाही की मांग की लेकिन पुलिस ने मामले को अनसुना कर दिया। इसके बाद उसने जिले के पुलिस कप्तान को भी लिखित रूप से शिकायत करते हुए न्याय की गुहार लगाई लेकिन एसएसपी ने भी सुनवाई नहीं की अंततः कोर्ट का दरवाजा खटखटाने पर प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए घटना के लगभग 3 वर्ष बाद न्यायालय ने पुलिस को आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश दिए। इसके बाद हरकत में आई पुलिस ने उपरोक्त दोनों आरोपियों के खिलाफ 420 आईपीसी के अंतर्गत मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

मिट्टी निकालने से...जेसीबी लेकर उसके खेत के साथ छूटी हुई मिट्टी को काटने लगे। जब उसने ऐसा करने से मना किया तो मनी मोहन ने अपने पास से पिस्टल निकालकर उसके ऊपर जानलेवा हमला करने का प्रयास किया। अपने बचाव में उसने मनी मोहन विश्वास को धक्का देकर गिरा दिया जिससे उसके हाथ से पिस्टल व मोबाईल कहीं गिर गये। दलीप का आरोप है तभी सुरेश विश्वास ने दाव से उसके सिर पर जानलेवा वार किया । जिसे रोका तो उसके बाये हाथ में दाव से चोट आ गई। रेनू, चन्द्र विश्वास तथा अन्य दो अज्ञात व्यक्तियों ने उसे गिराकर मारपीट की। शोर शराबा सुनकर पास से ही उसके भाई व अन्य लोग आ गये । जिस पर मनीमोहन विश्वास व उसके साथी अपनी पिस्टल, एक छोटा बैग व मोबाइल वहीं जमीन पर गिरा छोड़कर, जेसीबी लेकर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये। बाद में मिट्टी में से पिस्टल, एक छोटा बैग व मोबाइल उठाकर लाकर थाने में दिया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बेकाबू डंपर से ...वीआईपी गेट के समीप घोड़ानाला में आयोजित विवाह समारोह में शामिल होने जा रहा था। जैसे ही वह एचडीएफसी बैंक के पास पहुंचा ही था कि पीछे से आ रहे तेज रफ्तार हाईवा डंपर ने उसे रौंद दिया जिससे युवक की डंपर के टायरों से कुचलकर दर्दनाक मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने चालक सहित ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है। मृतक शमशार अहमद मूल रूप से ग्राम कनकपुर थाना खजुरिया जिला रामपुर उत्तर प्रदेश का निवासी था कई

वांछित चल रहा अभियुक्त गिरफ्तार

गदरपुर(उद संवाददाता)। पुलिस ने किसी आपराधिक मामले में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधम सिंह नगर के आदेश पर, पुलिस अधीक्षक काशीपुर तथा क्षेत्राधिकारी बाजपुर के निर्देशन में जनपद में वांछित अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना पुलिस द्वारा थानाध्यक्ष राजेश पांडेय के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा दिनांक आठ मई को थाना गदरपुर पर वादी मुकदमा श्रवण कुमार पुत्र स्वर्गीय सतनाम निवासी ग्राम मजरा झुन्नी, थाना गदरपुर की लिखित तहरीर के आधार पर पंजीकृत धारा 147/323 504/506/307/120 बी 34 /427 आईपीसी में वांछित चल रहा अभियुक्त सुरेंद्र कुमार पुत्र सतनाम राम (33 वर्ष) निवासी ग्राम मजरा झुन्नी थाना गदरपुर को जिला अस्पताल परिसर रुद्रपुर से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

अवैध शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत सायं पुलिस ने अलग अलग स्थानों से दो शराब तस्करों को अवैध शराब सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार हेकां. आसिफ हुसैन व कां. हरीश गोस्वामी ने गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर बिंदूखेड़ा मोड़ पर एक व्यक्ति को संदिग्ध रूप से हाथ में कट्टा लिये पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पुत्र गुरमुख सिंह निवासी बिंदूखेड़ा बताया। तलाशी लेने पर कट्टे से 111 पाउच अवैध कच्ची शराब बरामद हुए। वहीं ट्रांजिट कैंम्प थाने के हेकां. राजेन्द्र कन्याल व कां. तारा चन्द्र पंत ने गत सायं गश्त के दौरान कृष्णा कालोनी मैदान में जरकिन लेकर संदिग्ध रूप से जा रहे व्यक्ति को पकड़ कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम पता विशाल पुत्र पप्पू निवासी हाफिजगंज, नवाबगंज बरेली हाल निवासी कृष्णा कालोनी बताया। जरकिन की तलाशी लेने पर उसमें 10 लीटर अवैध शराब भरी पाई गई। पुलिस ने दोनों मामलों में बरामद शराब कब्जे में लेकर दोनों शराब तस्करों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

वर्षों से लालकुआं वार्ड नंबर 5 सुभाष नगर स्थित भारत बैंड में कार्यरत था। जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। घटना से परिवार में कोहराम मचा है। मृतक अपने पीछे दो बेटियां, दो बेटे, पत्नी को परिवार छोड़ गया है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए हल्द्वानी भेज दिया है।

आठ घंटेके ...मोबाइल, एक साइड बैग, एक डीएसएलआर कैमरा, तेरह मोबाइल कवर, एडॉप्टर ,डाटा केबल,चार्जर,घड़ी, पेंट,कमीज, मफलर, बेल्ट,टी-शर्ट, गत्ते के डब्बे में रखे 4981 बरामद किए गये हैं। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी सुमित सिंह के बारे में बताया कि इसके ऊपर तीन मामले पहले से ही दर्ज है। 8 घंटे के अंदर घटना का खुलासा होने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पंकज भट्ट ने टीम को 5000 ईनाम देने की घोषणा की है। वहीं व्यापार मंडल के अध्यक्ष दीवान सिंह बिष्ट ने व्यक्तिगत रूप से 5100 रुपए का पुरस्कार देने के साथ ही व्यापार मण्डल की ओर से पुलिस टीम को सम्मानित किया गया।पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली डीआर वर्मा, उपनिरीक्षक रजनी आर्य, नीरज सिंघल, कांस्टेबल आनंदपुरी, किशोर रौतेला, चंद्रशेखर,संदीप राय, उमेश सिंह,कमल बिष्ट. सहित अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

रेलवे क्रासिंग में युवक ...पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर परिजनों को सूचना दी और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक कुछ समय से भूरारानी क्षेत्र में रह रहा था वह सिडकुल की सिकी कंपनी में काम करता था। उसकी मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स,
श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.:UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

CONSTRUCTING HAPPINESS
GABA HOUSING
PVT. LTD.

PROJECT
APPROVED
PROJECT

Live Healthy... Live Nature...
Live in Kashi Garden

काशी गार्डन

आवासीय प्लॉट एवं विला

साईट ऑफिस
शिमला पिस्तौर, डीपीएस स्कूल के पास,
रुद्रपुर

☎ 86501-18000